सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:22
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.2
न्यूनतम 22.0

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-257 | शुक्रवार 17 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-एकादशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

कष्ट और क्षति सहने के पश्चात् मनुष्य अधिक विनम्र और ज्ञानी हो जाता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

एक दशक से बेरोज़गारी की शिकार मायावती सड़कों के गड्ढे गिन रहीं हैं : सुरेश खन्ना



एक दूजे की शान में नेता... ऐसी बातें नहीं किया करते....

# किलेबंदी, शहर की सड़कों पर तीसरी आंख का पहरा

**❑पुलिस ने अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने को लगाए हाईक्वालिटी के 167 सीसीटीवी कैमरे ❑सीसीटीवी कैमरों की नजर में रहेंगे शहर में प्रवेश के तमाम आठ मार्ग ❑शहर से लेकर नई मंडी तक लगाए गए कैमरे, अलग से कंट्रोल रूम बनकर तैयार**

मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर ( बु. )। अपराधियों की गतिविधियों की नजर रखने को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से शहर की किलेबंदी कर दी है। शहर से निकलने वाले तमाम आठ रास्तों पर तीसरी आंख का पहरा रहेगा। इस बार पुलिस ने अपने स्तर से 167 कैमरे लगवाए हैं, जिसका अलग से कंट्रोल रूम होगा। शहर के अलावा नई मंडी के लूट के लिहाज से संवेदनशील चौराहे भी कैमरे की नजर में रहेंगे। ऐसे में अपराधी घटना को अंजाम देकर ज्यादा दिन खुद की छिपा नहीं पाएंगे।

शहर में पहली बार पुलिस ने व्यापक स्तर पर कैमरे लगाए हैं। अपराधियों से जूझ रही पुलिस को घटनाएं होने पर निजी कैमरों पर निर्भर होना पड़ता था। अधिकांश ऐसा होता था कि घटना के समय वो कैमरे बंद अथवा खराब मिलते थे। पुलिस ने जनमानस सहयोग से भी कैमरे लगवाएं थे, लेकिन देख-रेख की कमी के चलते वो ज्यादा दिन नहीं चल पाए थे। एसएसपी अभिषेक यादव इस बार पुलिस के सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाने में कामयाब रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से शहर की किलेबंदी कर दी है। 167 सीसीटीवी कैमरों का शहर से लेकर नई मंडी तक पूरा जाल बिछाया गया है। शहर के तीनों थानों में अपराध और अवांछनीय गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। पहली बार शहर में प्रवेश के मेरठ रोड, जानसठ रोड, भोपा रोड, पचैण्डा रोड, रुडकी, शामली, वहलना, शाहपुर रोड पर हाईक्वालिटी के कैमरे लगाए हैं, जो आने जाने वाले वाहनों के नम्बर कैद कर सकें। इन कैमरों से लगने के बाद वारदात को अंजाम देकर भागने वाले बदमाशों की पहचान में मदद मिलेगी। इसी तरह महावीर चौक, प्रकाश चौक, मीनाक्षी चौक, रेलवे रोड, शिव चौक, खालापार, जिला अस्पताल, नावल्टी चौक, गांधी कॉलोनी, नई मंडी, कूकड़ा रोड, राजवाहा रोड आदि इलाकों में कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस की माने तो इतनी बड़ी संख्या में कैमरे लगने के अपराध रोकने और अनावरण में पुलिस को काफी आसानी मिल जायेगी। यह तमाम कैमरे कंट्रोल रूम से संचालित होंगे। सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। जल्द ही इसका विधिवत् उद्घाटन होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### रात में कैमरे ना करें बंद

मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर ( बु. )। पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि कई घटनाओं में रात के समय कई निजी कैमरे बंद मिले हैं। ऐसे में लोगों से रात में कैमरे बंद ना करने का अनुरोध किया है। व्यापारियों से भी पुलिस यह अनुरोध कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे निःसंदेह किसी भी घटना में पुलिस के लिए सबसे मददगार बनते हैं।

## महिला चोरनियों ने साथी संग सर्राफ की दुकान से उड़ाई सोने की चेन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। नई मंडी क्षेत्र में ग्राहक बनकर आई दो महिलाएं व एक युवक सर्राफ की दुकान से सोने की चेन लेकर रफूचक्कर हो गए। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के चौड़ी गली में शिवम की सिंघल नाम से ज्वैलर्स की दुकान है। बुधवार देर शाम दुकान पर दो महिला और एक व्यक्ति पहुंचा। महिलाओं ने सर्राफ से गले का सेट दिखाने के लिए कहा। इसी बीच महिलाओं ने एक सोने की चेन और नाक के दो मोती साफ कर दिए। इसके बाद तीनों बिना खरीदारी किए ही चले गए। तीनों के जाने के बाद सर्राफ को जेवर चोरी होने की जानकारी मिली, तो उसने शोर मचा दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के दुकानदार मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उक्त तीनों की काफी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। तीनों आरोपित सीसीटीवी में कैद हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। उधर, वारदात के बाद सर्राफा समेत अन्य कारोबारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। कारोबारियों ने शीघ्र ही राजफाश की मांग की है।

## यूपी में 17 व 18 को प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों को बन्द रखने के निर्देश

लखनऊ, 16 सितम्बर ( नेट )। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में अतिवृष्टि के दृष्टिगत सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने 17 व 18 सितम्बरको प्रदेश में स्कूल-कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों को बन्द रखने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा के दृष्टिगत जनपदों में राहत कार्य प्रभावी रूप से कराए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाए। जल-जमाव की स्थिति में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञ से मुजफ्फरनगर में सलाह लें।

पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित
**डॉ. टी. एस. क्लेर**
चेयरमैन - फोर्टिस हार्ट एवं वस्कुलर इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम एवं फोर्टिस हॉस्पिटल, वसंत कुंज, नई दिल्ली
की टीम से
**डॉ. रजनीश सरदाना**
वरिष्ठ सलाहकार, कार्डिएक पेसिंग और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी

तिथि: शुक्रवार, 17 सितंबर, 2021 । समय: सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हृदय संबंधी निम्न समस्याओं के लिए विशेषज्ञ से संपर्क करें
• छाती में भारीपन • चलने के दौरान सांस फूलना • अनियमित धड़कन
• खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना • बेहोशी होना • बाजू व छाती में दर्द होना

स्थान: वर्धमान अस्पताल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें
विकास - 9729928181 / अमित - 9311499673
Fortis

## महंगा फोन न मिलने पर घर से निकले किशोर का शव पड़ा मिला

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर ( बु. )। परिजनों द्वारा महंगा मोबाइल फोन न दिलाने पर नाराज होकर घर से निकले युवक का शव आज जंगल में पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। किशोर की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर मॉर्डन निवासी 14 वर्षीय गौरव पुत्र राजेन्द्र महंगा मोबाइल फोन खरीदना चाहता था। परिजन उसे 10 हजार कीमत तक का फोन दिलाने को तैयार भी हो गए थे, लेकिन व और भी महंगा फोन चाहता था। परिजनों द्वारा इंकार करने पर वह घर से नाराज होकर निकल गया था, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा और लापता हो गया। आज गांव के जंगल में उसका शव पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

## झूम के बरसे बदरा, पानी पानी हुआ यूपी, 11 मरे

लखनऊ 16 सितम्बर ( वार्ता ) राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में बुधवार रात से हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बारिश से कई मकान जमीदोज हो गये है जबकि पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। वर्षाजनित हादसों में कम से कम दस लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है। मौसम आंचलिक विज्ञान केन्द्र लखनऊ के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक 115 मिमी बारिश रिकार्ड की जा चुकी थी। इससे पहले चालू मानसून सीजन में जुलाई महीने में एक दिन में 115.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। बारिश की रफ्तार से उन्होने उम्मीद जाहिर की कि आज की वर्षा से सितम्बर 2012 का रिकार्ड टूट सकता है जब एक दिन में 138.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी थी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कम दवाब का क्षेत्र बनने से राज्य में मूसलाधार बारिश के हालात पैदा हुये है हालांकि शुक्रवार को लोगों को वर्षा से निजात मिलने के आसार हैं। इस दौरान आसमान में बादलों का जमावड़ा बना रहने और रिमझिम बारिश होने का अनुमान है। इस बीच लगातार हो रही बारिश से साग सब्जियों को भारी नुकसान होने की संभावना है हालांकि भादों के महीने में हो रही झमाझम बरसात खरीफ की फसल के लिये मुफीद मानी जा रही है। बारिश के चलते राज्य के अधिसंख्य इलाकों के तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। वर्षाजनित हादसों मे जौनपुर और फतेहपुर में चार चार, बाराबंकी में दो और प्रयागराज में एक व्यक्ति के मारे जाने की सूचना है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, अयोध्या, बाराबंकी, जौनपुर और कुशीनगर समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से कई इलाके टापू की शक्ल में तब्दील हो चुके हैं। राज्य के कई इलाकों में स्कूलों में रेनी डे घोषित कर दिया गया है जबकि दफ्तर जाने वालों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। बाजार भी देर से खुले लेकिन अधिकतर व्यापारी ग्राहकों की बाट जोहते नजर आ रहे हैं। लखनऊ में भारी बरसात के बीच मुख्यमंत्री आवास के समीप पार्क रोड, सिविल अस्पताल, नरही, डालीबाग, जियामऊ और हजरतगंज समेत कई इलाके टापू की शक्ल में तब्दील हो गये। पार्क रोड पर घुटनो तक पानी भरने से कई वाहन बीच रास्ते में बंद हो गये। जल जमाव के चलते सिविल अस्पताल में ओपीडी सेवायें बुरी तरह प्रभावित हुयी। सप्रू मार्ग में पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। एलडीए कालोनी में बरसात का पानी घरों में प्रवेश कर गया।

## देश की ऐतिहासिक चारधाम यात्रा पर से रोक हटी, हाईकोर्ट ने आदेश लिया वापस

नैनीताल, 16 सितम्बर ( वार्ता ) उत्तराखंड उच्च न्यायालय में देश की ऐतिहासिक चारधाम यात्रा को लेकर गुरुवार को बड़ी प्रगति हुई। न्यायालय ने चारधाम यात्रा पर से रोक हटा दी है। सरकार अब जल्द ही चारधाम यात्रा शुरू कर सकती है। उत्तराखंड सरकार विगत एक जुलाई से चारधाम यात्रा शुरू करने का मन बना चुकी थी। प्रदेश मंत्रिमंडल ने भी चारधाम यात्रा को मंजूरी दे दी थी लेकिन उच्च न्यायालय ने कोरोना महामारी को देखते हुए विगत 28 जुलाई को यात्रा पर रोक लगा दी थी। प्रदेश सरकार की ओर से हालांकि जुलाई पहले सप्ताह में उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष याचिका दाखिल की गयी, लेकिन सुनवाई नहीं होने के कारण राज्य सरकार को विशेष याचिका को वापस लेना पड़ा। इसके बाद राज्य सरकार की ओर उच्च न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र पेश कर यात्रा पर से रोक हटाने की मांग की गयी। मुख्य न्यायाधीश आरएस चौहान एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ में आज सरकार के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। अदालत ने माना कि देश के कुछ राज्यों को छोड़कर कोरोना महामारी के मामलों में कमी आयी हैं। इसके बाद अदालत ने राज्य सरकार को राहत देते हुए रोक संबंधी अपने आदेश को वापस ले लिया है। उच्च न्यायालय के इस कदम से सरकार के चेहरे पर खुशी व्याप्त हो गयी है।



कोर्ट में आत्मसमर्पण करते हिन्दू नेता ललित मोहन शर्मा व उनके अन्य साथी

## फिर टला बड़ा हादसा : अब अस्पताल चौक के निकट टूटकर गिरा विद्युत तार, बाल-बाल बचा इकबाल

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। आए दिन शहर के बीचोंबीच जर्जर विद्युत तार टूटकर गिर रहे हैं। पिछले एक माह में यह तीसरा वाक्या है, जिसमें बाल-बाल लोगों की जान बच रही है। गुरूवार को अस्पताल चौराहे के निकट उस समय हर व्यक्ति देखता का देखता रह गया जब एकाएक एक स्कूटर चालक अपने स्कूटर से कूदकर दौड़ता देखा गया। दरअसल अस्पताल चौराहे के निकट एकाएक विद्युत तार टूटकर नीचे गिर गया और उक्त तार एक स्कूटर चालक इकबाल के ऊपर गिरने से बाल-बाल बच गया, लेकिन स्कूटर तार की चपेट में आ गया। ऐसे में इकबाल ने तत्परता दिखाते हुए वहीं का वहीं स्कूटर छोड़ दिया और भाग खड़ा हुआ। जब उक्त दृश्य अस्पताल चौराहे के निकट खड़े ट्रैफिक पुलिस के सिपाही कुलदीप ने देखा तो



उसने बड़ी ही होशियारी दिखाते हुए चारों ओर का ट्रैफिक वहीं का वहीं रोक दिया और तुरन्त इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी तो विभाग ने हाथोंहाथ विद्युत आपूर्ति काट दी। उसके बाद सब लोगों की जान में जान आई और हाथोंहाथ सबसे पहले वहां लगे जाम को चलाया गया। उक्त मामले में बाल-बाल बचे इकबाल ने मीडियाकर्मियों को अपनी सारी बात बताई और कहा कि वास्तव में वह उक्त हादसे में यदि वह तार को जरा सा भी छू जाता तो शायद आज जीवित न खड़ा होता। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व भी पिछले एक-डेढ माह में खालापार में भी एक नहीं दो हादसे ऐसे ही हो चुके हैं। मगर विद्युत विभाग पूरी तरह इन मामलों को देखने के बावजूद भी नादान बना हुआ है। चाहे विद्युत विभाग के लोग कितना ही इस बात का रोना लें कि जब तक बजट पास नहीं होते तब तक जर्जर तारे नहीं बदली जा सकती लेकिन जिस दिन कोई व्यक्ति ऐसे हादसे में मौत का शिकार हो जाएगा उस दिन विद्युत विभाग ही नहीं शासन-प्रशासन सबकी आंखें खुली दिखाई देंगी और हाथोंहाथ सारे बजट पास हो जाएंगे। कुल मिलाकर विद्युत विभाग अभी शायद इसी इंतजार में लगा हुआ है कि ऐसे हादसों में किसी की जान जाए, तभी वह पूरी तरह जागेगा।

## अलनूर मीट प्लांट आगजनी में हिन्दू नेता ललित मोहन ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**❑जिला जज की कोर्ट से मिली क्रांति दल के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा को जमानत, तीन दिन पहले विधायक उमेश शर्मा ने भी पाई थी जमानत ❑2007 में मीट प्लांट आंदोलन में क्रांति दल के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा और उनके साथियों पर हुए थे तीन मुकदमें, एक मुकदमें में हो चुके है बरी ❑ओंकार सिंह, शरद कपूर, राजीव मित्तल ने कोर्ट में पेश होकर रिकॉल कराए वारंट**

मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर ( बु. )। अलनूर मीट प्लांट आगजनी के मामले में क्रांति दल के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने गुरूवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में उन्हें जिला जज कोर्ट से ज़मानत मिल गई। शर्मा के साथ हिन्दू नेता ओंकार सिंह, शरद कपूर, राजीव मित्तल ने कोर्ट में पेश होकर अपने वारंट रिकॉल कराए। निराना के अलनूर मीट प्लांट के विरोध में हिन्दू संगठनों ने लंबा आंदोलन किया था। इस मामले में हिन्दू नेताओं के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनमें अलनूर फैक्ट्री में आगजनी, रास्ता जाम करने और जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान अलनूर के कर्मचारियों से मारपीट शामिल थी। जिलाधिकारी कार्यालय पर मारपीट के मामले में हिंदू नेता साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए थे। अलनूर मीट प्लांट में आगजनी और जाम लगाने के मामले में क्रांति दल के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने जमानत नहीं ली थी। कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद ललित मोहन शर्मा ने गुरूवार को एडीजी चतुर्थ की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके अलावा क्रांति दल के शरद कपूर, आरएसएस से जुड़े ओंकार सिंह और राजीव मित्तल भी वारंट रिकॉल कराने को अदालत में पेश हुए। बाद में जनपद न्यायाधीश की कोर्ट में ललित मोहन शर्मा की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ललित मोहन शर्मा को जमानत दे दी। बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक भी इस मामले में आरोपी थे। तीन दिन पहले उन्होंने भी इस मामले में जमानत पाई थी।

## आज़म का जौहर ट्रस्ट भरेगा 50 लाख का जुर्माना

रामपुर 16 सितम्बर ( वार्ता ) समाजवादी पार्टी ( सपा ) सांसद आजम खान की महत्वाकांक्षी मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी का जौहर ट्रस्ट सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण करने के आरोप में करीब 50 लाख रूपये का जुर्माना अदा करेगा। आज़म खां यूनिवर्सिटी के संस्थापक और कुलाधिपति हैं एवं जौहर ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं जबकि उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आज़म और पत्नी डॉ तजीन फातिमा ट्रस्ट की सदस्य हैं। उपजिलाधिकारी रामपुर ने गेट को सरकारी जमीन पर बनाए जाने के एवज में इसे तोड़ने और एक करोड़ 63 लाख रुपए जुर्माना भरने के लिए ट्रस्ट को आदेश दिए थे जिसके खिलाफ जौहर ट्रस्ट ने जिला जज के यहां वाद दायर दिया था। जिला जज ने गेट तोड़ने पर तो रोक लगा दी थी लेकिन जुर्माना एक करोड़ 63 लाख रूपए भरने का आदेश दिया था। इस पर जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने गेट तोड़ने पर रोक लगाते हुए साथ ही जुर्माने की धनराशि कम करते हुए ट्रस्ट को करीब 50 लाख रूपए जमा करने के आदेश दिए थे जिसके तहत अब जौहर ट्रस्ट को यह जुर्माना जमा करना पड़ेंगा वहीं अब जौहर ट्रस्ट ने 49 लाख 14 हजार रूपए जमा करने के लिए स्थानीय अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है।

## कंटेनर की कीमत में 37 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली 16 सितंबर ( वार्ता ) कोरोना महामारी के कारण वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से देश में कंटेनर की कीमत में 37 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म कंटेनर एक्सचेंज की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति प्रभावित होने से इस वर्ष मई के मुकाबले सितंबर में भारत में 20 फुट वाले ड्राइ कंटेनर की कीमत में 18 प्रतिशत और 40 फुट वाले ड्राइ कंटेनर के दाम में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष मई में 20 फुट वाले ड्राइ कंटेनर की कीमत 2078 डॉलर थी जो सितंबर में बढ़कर 2462 डॉलर यानी एक लाख 81 हजार 320 रुपये हो गई है। इसी अवधि में 40 फुट वाले ड्राइ कंटेनर के दाम 3041.84 डॉलर ( 224024 रुपये ) से बढ़कर 4193.75 डॉलर यानी 308859 रुपये हो गया है।

## हरियाणा के पानीपत निवासी पांच युवक हादसे का शिकार

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर ( बु. )। हाईवे पर छपार क्षेत्र में हरिद्वार से लौट रहा हरियाणा के पानीपत निवासी 5 युवक हादसे का शिकार हो गये। हादसा कार के ट्रैक्टर ट्राली से टकरा जाने के कारण हुआ। इस हादसे में कार में सवार पांचो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबूलेंस के द्वारा घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी नाजुक हालत के चलते उन्हें रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के पानीपत निवासी सतवीर, इन्दर, सुनील, अनूप व सुभाष हरिद्वार घूमने गए थे। आज देर शाम उक्त लोग वापस पानीपत लौट रहे थे। बताया गया कि जब वे लोग छपार क्षेत्र में बरला के निकट पहुंची, तभी उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में उक्त पांचो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनको नाजुक हालत के चलते उन्हें रैफर कर दिया गया। इसके अलावा तितावी इलाके मे देर रात बेकाबू ट्रक की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र घायल हो गया। हादसे के बाद चालक फरार होने में कामयाब हो गया। तितावी क्षेत्र के ग्राम नूनाखेड़ा निवासी सावित्री व उसका पुत्र आदित्य मुजफ्फरनगर की तरफ से अपने घर बाइक से वापस आ रहे थे। अमीरनगर को जाने वाले रास्ते के निकट एक ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई और उसका पुत्र आदित्य घायल हो गया। पुलिस ने आदित्य को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है।

## डीएम के निर्देश पर गोदामों पर छापामारी

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर ( बु. )। डीएम के निर्देशों के बीच जिला कृषि अधिकारी और एआर कॉपरेटिव ने गुरूवार को जिले के पीसीएफ बफर गोदामों पर पहुंचकर मौके पर ही उर्वरक की जांच पड़ताल की। वहीं गोदाम पर रखे उर्वरक के स्टॉक को इस बीच अधिकारियों ने ऑन लाइन डाटा के अनुसार मिलाया गया। हालांकि दोनों अधिकारियों को उर्वरक का स्टॉक सहीं मिला। गुरूवार को डीएम चन्द्रभूषण सिंह के निर्देशों के बीच जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया व एआर कोऑपरेटिव रत्नाकर सिंह ने पीसीएफ बफर गोदामों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में अधिकारियों के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध प्रेपॉशनिंग स्टॉक के सापेक्ष ही मिला। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने बताया कि गुरूवार को पीएसएफ के बफर गोदामों में टीम को जनपद में यूरिया इफको 2018.925 मै. टन, कृभको यूरिया 677.475 मैट्रिक टन व डीएपी 1471.600 मै. टन. एनपीके 500 मै. टन के सापेक्ष मौके पर मिलान करने पर ऑनलाइन संभार के अनुसार ही पाया गया। इस दौरान नरेंद्र शर्मा प्रबंधक पीसीएफ, रोहित यादव क्षेत्र प्रबंधक कृभको व बफर गोदाम सहायक सौरभ व उर्वरक सहायक राहुल चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जनपद में डीएम के निर्देशों के बीच शुरू किए अभियान के चलते प्रत्येक ब्लॉक में स्थित तमाम दुकानों पर भविष्य में चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान टीम इस सभी दुकानों पर उर्वरकों की स्थिति के साथ पॉश मशीन के अनुसार दुकान में रखे यूरिया के डाटा का मिलान किया जाएगा। इस दौरान यदि कोई अंतर पाया जाता है तो ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



# 20 सितंबर को जिले के दौरे पर आ सकते हैं मुख्यमंत्री योगी



शामली, 16 सितम्बर ( बु. )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिले के दौरे पर आने की सुगबुगाहट से जिले का प्रशासन अलर्ट है। दिनभर अफसर जिले के महत्वपूर्ण स्थानों के निरीक्षण में लगे रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 20 सितंबर को ऊंचागांव में पीएसी की नई बटालियन कैंप का शिलान्यास कर सकते हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विजय सिंह पथिक डिग्री कॉलेज में हेलीपैड व जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा वह कुछ योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। हालांकि अभी उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 20 सितंबर को जिले में आने की चर्चा है। कैराना के ऊंचागांव में पीएसी की नई बटालियन कैंप और गुज्जरपुर में बैफल फायरिंग रेंज का निर्माण होना है, जिसके लिए भूमि के बैनामें करीब 37 करोड़ रुपए में पिछले वर्ष ही पीएसी के नाम हो गए थे। जिसके बाद पीएसी ने भूमि पर टैंट लगाकर कब्जा ले लिया था, तभी से बटालियन के शिलान्यास को लेकर कवायद चली आ रही है। कैराना-कांधला के बीच पीएसी बटालियन की स्थापना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शामली जनपद में ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है। कैराना पलायन की घटना फिर न हो इसी उद्देश्य से उन्होंने कैराना के निकट पीएसी की नई बटालियन की स्थापना की घोषणा की थी, जिसके बाद किसानों से भूमि की खरीद की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद दौरे को लेकर पिछले करीब एक माह से कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिला प्रशासन से मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण को लेकर जानकारी मांगी थी, जिसमें जिला प्रशासन से मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनपद में चल रही उन परियोजनाओं जिनका उद्घाटन या शिलान्यास होना है, इस सम्बंध में पिछले दिनों शासन को सभी सूचनाएं भेज दी गई थी। पिछले करीब एक सप्ताह से मुख्यमंत्री के जनपद दौरे को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जिसके लिए शहीद विजयसिंह पथिक राजकीय डिग्री कॉलेज में मुख्यमंत्री की जनसभा स्थल के निर्माण को लेकर साफ-सफाई और अन्य तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा उनके हैलीपेड के लिए भी पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण शुरू करा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जल्द कैराना दौरे को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने गुरूवार को विजय सिंह पथिक राजकीय डिग्री कॉलेज पहुंचकर हेलीपैड व जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के किसी भी गांव के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन पुख्ता इंतजाम करके चल रहा है। गांवों में भी साफ सफाई आदि के पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रशासन ने ऐसे कुछ गांवों को चिह्नित किया है, जहां पर मुख्यमंत्री जा सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गांवों में विकास कार्यो को गति दी जा रही है। अफसर भी इन गांवों में दिन रात दौरे कर रहे हैं। गौशालाओं में गोवंश की सेहत पर भी नजर रखी जा रही है।




# कांधला ब्लॉक प्रमुख ने लगाया भाजपा जिलाध्यक्ष पर भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार का आरोप

कांधला, 16 सितम्बर ( बु. )। कांधला ब्लॉक प्रमुख ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को शिकायती पत्र भेजा है। प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के कैराना आगमन से पूर्व ही कैराना के भाजपा पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से अपने-अपने पदों से इस्तीफे दे दिए थे। एक साथ भाजपा के दो दर्जन से भी अधिक पदाधिकारियों के द्वारा सामूहिक रूप से इस्तीफा देने से भारतीय जनता पार्टी में हड़कंप मच गया था। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष सतेंद्र तोमर पर अनदेखी करने का आरोप लगाया था। बीजेपी के पदाधिकारियों का आरोप है कि भाजपा जिला अध्यक्ष विभिन्न मोर्चों में बिना जांच-पड़ताल के नए चेहरों को पद देने तथा पुराने और समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों का आरोप है कि जिला अध्यक्ष सतेंद्र तोमर पूरे जिले में खासकर कैराना के भाजपा कार्यकर्ताओं को उपेक्षित कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष द्वारा खनन माफियाओं को पार्टी पदाधिकारी बना दिया गया है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। गुरूवार को कांधला ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर विनोद मलिक ने कैराना के पदाधिकारियों के द्वारा दिए गए सामूहिक रूप से इस्तीफे का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र तोमर भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों से संयम बरतने के साथ ही पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम करते रहें, पद तो आते जाते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भी जिलाध्यक्ष सतेंद्र तोमर के द्वारा ऐसे व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का ब्लॉक प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया गया था, जिसने कभी पार्टी के लिए काम ही नहीं किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को पत्र भेजकर जिला अध्यक्ष पर भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

## आरोपियों को भेजा जेल

भोपा, 16 सितंबर ( बु. )। थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बुधवार देर शाम थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही दो युवकों जरी अब्बास व उवेश पर आरोप लगाया था कि उसका चचेरा भाई पिता के बीमार होने के बाद गांव में बच्चों के सामान की फेरी करने लगा। उसी दौरान उक्त दोनों युवकों ने सामान लेने के बहाने उसे घर में बुला लिया और तमंचा दिखाकर उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दे दिया था। आरोपियों ने जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी भी किशोर को दी थी और उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी, जिसे वायरल करने की धमकी भी दी गई। बीते मंगलवार को आरोपी दोबारा किशोर के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देने के लिए उसे एक खेत में ले गये, लेकिन आरोपियों की हरकत को पहचान किशोर ने शोर मचा दिया, जिसके चलते ग्रामीणों को अपनी ओर आते देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। भोपा सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीती देर रात्रि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी, साथ ही दोनों आरोपियों जरी अब्बास व उवेश को बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के नगला बुजुर्ग नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया था, जिन्हें जेल भेजा गया है।

# दिनदहाड़े बैंक के बाहर गई से चोरी

चरथावल, 16 सितम्बर ( बु. )। थाने से कुछ कदम की दूरी पर दिनदहाड़े बैंक के बाहर एक व्यक्ति की बाइक से अज्ञात चोरों ने 49 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली दिनदहाड़े चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गयी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, परंतु चोर का कोई पता नहीं चल पाया। कस्बा चरथावल में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में शकील निवासी कुल्हेड़ी पैसे निकालने आया था। खाते से 49 हजार निकालने के बाद वह बैंक से बाहर निकलकर बाईक पर बैठने लगा इसी दौरान भनक लगते ही अज्ञात चोरों ने 49 हजार रुपये चोरी कर लिए। दिनदहाड़े चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की, परंतु चोर का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है तथा इस चोरी ने पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी और बैंक पर बैंक समय तक दो पुलिसकर्मी बैंक के बाहर ही एटीएम पर तैनात रहते हैं। उन्हें भी चोरी की जरा भी भनक नहीं लगी।

# श्रीराम कॉलेज में ''इंटरनेट आफ थिंग्स'' पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग में आज ''इंटरनेट आफ थिंग्स'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य शीषर्क ''इंटरनेट'' था। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजय शंकर झा प्रबन्धन निदेशक विदानी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटिड के द्वारा दीप प्रज्जवलीत कर किया गया। इस अवसर पर शंकर झा ने बताया कि आज पूरी दुनिया इंटरनेट कंसेप्ट पर आधारित है। जैसा कि हम जानते है कि दुनिया की सारी चीजे जिन्हें दैनिक इस्तेमाल में लाया जाता है, अगर ये इंटरनेट से जुड़ जाये तो ये सभी इंटरनेट के माध्यम से आपस में जुड़ते चले जायेंगे। जैसे– सेलफोन, वाशिंग मशीन, हैड फोन आदि। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इंटरनेट आफ थिंग्स को वास्तव में में इंटरनेट आफ एवरीथिंग्स कहकर समझता हूं और जानता हूं कि इसके द्वारा विभिन्न उपकरणों को इंटरनेट के माध्यम से जोड़कर संचालित किया जाता है। इसलिये आज के युग में जो ऑटोमेशन पर आधारित है, उसमें ''इंटरनेट आफ थिंग्स'' का महत्वपूर्ण योगदान है एवं छात्रों को इसे बारिकी से समझने की आवश्यकता है। आज हुई इस कार्यशाला के अंतर्गत विदानी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटिड एवं श्रीराम टैक्नोलॉजिज के मध्य एक समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित किया गया, जिसके द्वारा दोनो कम्पनियां आपस में मिलकर इंजीनियरिंग क्षेत्र में व्यापार एवं उद्यमिता के नये मुकाम स्थापित करेगी। श्रीराम टैक्नोलॉजिज, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के छात्रों द्वारा स्थापित एक स्टार्टअप पैन इंडिया कम्पनी है एवं विदानी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटिड पूणे मे स्थापित एक ऑटोमेशन कम्पनी है। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज में पढ़ने वाले इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिये ट्रेनिंग कार्यक्रम भी शुरू करने का प्रस्ताव है। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता, डीन साक्षी श्रीवास्तव एवं इलैक्ट्रोनिक एंड कम्युनिकेशन विभाग की विभागाध्यक्षा कनु प्रिया ने सभी छात्र–छात्राओं को उत्साहवर्द्धन किया और बताया कि इंटरनेट कंसेप्ट एक ऐसा कंसेप्ट है, जिसकी सहायता से हमारे सारे दैनिक कार्य अपने–अपने होते चले जाते हैं, जिसके विषय में हमें चिंता करने की जरूरत नहीं है। अतः इसकी सहायता से हम बहुत कम समय में बहुत अधिक काम कर सकते हैं। जैसे पहले हम विद्युल बिल जमा करने हेतु लम्बी–लम्बी कतारों में लगे रहते थे, कहीं घंटे बाद जाकर बिल जमा कर पाते थे, परन्तु अब इंटरनेट के द्वारा कुछ सेकेंड में ही विद्युत बिल जमा हो जाता है और समय की बचत भी हो जाती है। इस अवसर पर डॉ. मोहित शर्मा, पवन कुमार गोयल, पवन चौधरी, अश्वनी त्यागी, डॉ. सुभाष यादव, रोहिताश सिंह व अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रेलवे फाटक भारसी मार्ग के निकट घायल मिला कस्बे का व्यापारी

कांधला, 16 सितम्बर ( बु. )। बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक के निकट कस्बे का एक व्यापारी घायल हालत में मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। घायल को उपचार के लिये भर्ती कराकर परिजनों को मामले की सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांव राजपुर-छाजपुर निवासी जयसिंह कस्बे में कई वर्षो से फूल कढ़ाई व कॉस्मैटिक की दुकान करते हैं। प्रतिदिन शाम को अपनी दुकान बंद करने के बाद दुकानदार जयसिंह अपने घर के लिये चला जाता है। बताया जाता है कि बीते बुधवार को जयसिंह अपनी दुकान बंद करने के बाद बाईक पर सवार होकर कस्बे से बुढ़ाना मार्ग को होता हुआ, गांव जा रहा था। देर रात करीब 8 बजे के लगभग दुकानदार घायल हालत में रेलवे फाटक भारसी मार्ग बाग के निकट घायल हालत में पड़ा मिला। राहगिरों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जानकारी ली और घायल जयसिंह को उपचार के लिये भर्ती कराकर परिजनों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद कस्बे के कई व्यापारी और परिजन भी मौके पर पंहुच गए। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लोगों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली, लेकिन हादसे के कारणों का कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं इस सम्बन्ध में कई व्यापारियों ने थाने पहुंचकर व्यापारी के साथ लूट व मारपीट होने की आशंका व्यक्त करते हुए खुलासे की मांग की है, जबकि पीड़ित व्यापारी हादसे में घायल होकर बदहवासी की हालत में है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी का कहना है कि पुलिस को व्यापारी के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस के घटना के सम्बन्ध में छानबीन कर रही है।

# व्यापारी पीएम के जन्मदिन पर लगायेंगे वैक्सीनेशन कैम्प

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर ( बु. )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोर कमेटी की एक बैठक गुरूवार को नगर अध्यक्ष अजय सिंघल की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी के संचालन में आनन्द मार्किट में संपन्न हुई, जिसमें कोरोना जैसी महामारी से मुक्ति की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग को मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक में तय हुआ कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर वैक्सीनेशन कैम्प आशीर्वाद बैंकटहाल में लगाया जायेगा। कैंप का शुभारंभ अशोक कंसल पूर्व विधायक व वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष व्यापार मंडल व विजय शुक्ला भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक में नगर अध्यक्ष अजय सिंघल ने प्रदेश स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों अशोक कंसल, राकेश गर्ग, सुनील तायल, बाबूराम मलिक, दिनेश बंसल, अजय गुप्ता को व्यापार मंडल की नगर कमेटी की ओर से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। बैठक में मुख्य रूप से श्याम सिंह सैनी, अनिल तायल, विजय वर्मा, प्रवीण खेड़ा, पंकज अपवेजा ने भी संगठन के विस्तार व मजबूती पर विचार रखे।

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021**

**मेष**-भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, नवसमाचार की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन से मधुरता, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सकुशल।

**वृषभ**-पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, आपसी तनाव, अकल्पित घटनाएँ घटित, पारिवारिक अनावश्यक खर्च, भौतिक सुख में न्यूनता, एकाग्रता का अभाव।

**मिथुन**-स्वास्थ्य में क्रमिक सुधार, किसी के माध्यम से धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, सुसंदेश की प्राप्ति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

**कर्क**-दिन बेहतर, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन, परिवार में सुख शांति का वातावरण।

**सिंह**-आर्थिक समस्या का निवारण, नवयोजना का श्रीगणेश, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, उपहार या सम्मान का लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क उपयोगी।

**कन्या**-दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से गलतफहमी, बात-बात पर क्रोध, विरोधियों का वर्चस्व, किसी से विश्वासघात की आशंका, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति।

**तुला**-विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, अध्यावसाय की ओर रुचि, विवाद का निर्णय पक्ष में, सद्विचारों का उदय।

**वृश्चिक**-ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, यात्रा सकुशल।

**धनु**-अधूरे कार्यों की पूर्ति, आत्मीयजनों से विचार-विमर्श, आय के स्रोत उपस्थित, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, आहार-विहार में नवीनता, आकस्मिक यात्रा सफल।

**मकर**-इच्छित योजना अधूरी, आर्थिक पक्ष से असंतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता की स्थिति, राजकीय पक्ष से कष्ट, किसी से विश्वासघात की आशंका, दुर्घटना भी।

**कुम्भ**-भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, किसी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, धार्मिक क्रिया कलापों में वृद्धि, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

**मीन**-बुद्धि-चातुर्य से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सुसमाचार की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण हर्षोल्लासमय, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों की सलाह से कामयाब।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२




# शाहपुर में महिला शिक्षक संघ द्वारा गोष्ठी का आयोजन

## -क्षेत्र की 30 महिला अध्यापिका सम्मानित

शाहपुर, 16 सितम्बर ( बु. )। कस्बे के एक रेस्टोरेंट में खण्ड विकास क्षेत्र की महिला शिक्षक संघ द्वारा आयोजित मिशन शक्ति, स्वास्थ्य व सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला कल्याण अधिकारी शुभांगी बालियान, सुनीता टिकैत, निकिता टिकैत, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष वंदना बालियान रही। महिला शिक्षक संघ के द्वारा खण्ड विकास क्षेत्र में अपने विद्यालयों में विशेष रुचि लेते हुए शिक्षण कार्य में नवाचार करते हुए विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास करने वाली 30 शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दा गोल्डन बर्ड चैरिटेबल ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष रेणु चौधरी ने बताया कि उनकी संस्था महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य कर रही है, जिसमें महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ बालिकाओं को पढ़ाई हेतु निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में खण्ड विकास क्षेत्र के पांचों एआरपी संदीप मलिक, देवराज बालियान, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद इरशाद, मोनिका राठी को भी महिला शिक्षक संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन व मौहम्मद इरशाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष ऋतु मलिक, बुढ़ाना महिला शिक्षक संघ की ब्लाक अध्यक्ष अलका रानी, अमृता तोमर, योगेश भाटी, रेखा नेहरा, अंजलि, रेखा, पिंकी मलिक, निमिता, अमरेश चौधरी, रश्मि तोमर, सुमन, रेनू देशवाल, जीनत चौधरी, नीलम, हेमलता, मीना, डिम्पल आदि का सहयोग रहा।

# आयोजित होगा अखण्ड सुन्दरकाण्ड यज्ञ

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। मुजफ्फरनगर में प्रथम बार कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति एवं श्री खन्ड कैलाश यात्रा समिति के प्रतिनिधियों की अगुवाई में आयोजित होगा अखण्ड सुन्दरकाण्ड यज्ञ। मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में जनपद के संकल्पित परिवारों द्वारा प्रथम बार आगामी १८ सितम्बर शनिवार को नई मंडी स्थित श्रीरामलीला मैदान निकट कोतवाली नई मन्डी में प्रातःकाल सूर्योदय से सायंकाल सूर्यास्त तक अखण्ड सुन्दरकाण्ड महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभूतपूर्व आयोजन मे अपनी सहभागिता देने हेतू अखिल भारतीय कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ श्रीखन्ड सेवा मंडल के प्रतिनिधियों का एक दल भी पहुंच रहा है। इस महायज्ञ मे सभी हनुमत चरनश्रित भक्तजनों की भी सहभागिता रहेगी। इसके लिये सभी भक्त यज्ञ में आहूति देने से पूर्व गौ पूजन भी करेंगे। भोग हेतू सवा पाव लड्डू भी अर्पित करेंगे। यज्ञ में सम्मिलित होने वाले सभी भक्त भारतीय वेषभूषा यानि धोती कुर्ता या कुर्ता–पजामा और महिलाएं सलवार–सूट या साडी ही पहन के आहूति देंगी। पेन्ट–जीन्स, टॉप आदि का निषेध रहेगा। यज्ञ की पूर्णाहूति सायं साढ़े छ बजे होगी। पूर्णाहूति हेतू सभी अपना अपना गोला साथ लाएंगे। महा आरती हेतू सभी अपने साथ दीपक भी लाएंगे। कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वयक प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया है कि इस प्रकार से सभी छोटे–बड़े भक्तों को यज्ञ में सहभागिता का अवसर देने हेतू ये प्रयास किए जा रहे हैं। यज्ञ उपरांत महापुरुषो के आशीर्वचन के बाद भंडारा भी होगा।



# योगी आदित्यनाथ के जनसभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये कपिल देव ने

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बुस.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बिजनौर में मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आगामी २१ सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जायेगा। इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री तथा जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जनपदवासियों को संबोधित भी करेंगे। मंत्री कपिल देव ने मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह को सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त कराने के निर्देश दिये हैं। मंत्री कपिल देव ने कहा कि भाजपा सरकार समस्त नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है तथा चिकित्सा सहित सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हुए प्रदेश के चंहुमुखी विकास एवं प्रगति को निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक ओम कुमार, कमलेश सैनी, अशोक राणा, सूची मौसम चौधरी, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि आदि उपस्थित रहें।

# निष्कासित किये गये किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र तेवतिया

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। पहले से ही विवादों में घिरे और देह व्यापार के आरोप में जेल गये जितेन्द्र तेवतिया को आखिर हाथोहाथ किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने अपने फेसबुक पेज पर उक्त जानकारी दी है। ज्ञात रहे कि कल बुधवार को ही किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित सिंह रावल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने जितेन्द्र तेवतिया को जिला उपाध्यक्ष घोषित किया था। घोषणा होते ही सोशल मीडिया पर जितेन्द्र तेवतिया द्वारा चलाये गये सेक्स रैकेट का मामला कार्यकर्ताओं ने जोरों पर चलाया। विवादों को बढ़ता देख गुरुवार को हाथोहाथ डॉ. जितेन्द्र तेवतिया की नियुक्ति को तत्काल निरस्त करने की सूचना सोशल मीडिया पर भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा वायरल कर दी गयी। उक्त घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने चैन की सांस ली और जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के उक्त कदम की सराहना की। मगर हैरानी की बात यह है कि भाजपा हाईकमान द्वारा किस तरह से जितेन्द्र तेवतिया को उक्त पद पर आसीन किया गया था। शायद भाजपा पदाधिकारी यह सोच रहे होंगे कि कार्यकर्ता इतने बड़े मामले को भूल चुके होंगे। मगर जैसे ही जितेन्द्र तेवतिया की घोषणा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद पर हुई, तो कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों की सोशल मीडिया पर खूब खिल्ली उड़ाईं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पार्टी ने सम्भवतः सबकुछ तांक पर रख दिया है और आये दिन कोई न कोई विवाद पार्टी में खड़ा होने लगा है।

## प्रधानाचार्य के साथ मारपीट

कांधला, 16 सितम्बर ( बु. )। प्राईवेट स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा टीसी कटाने आए अभिभावक से अपनी बकाया फीस मांगना महंगा पड़ गया। नगर के मौहल्ला रामनगर निवासी संजय स्थानीय थाने के समीप गोल्डन एकेडमी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि मोमीन के परिवार के कई बच्चे 2017 से उसके विद्यालय में पढ़ते हैं। गुरूवार को उसके परिवार का एक बच्चा उन सभी की टीसी कटाने के लिये विद्यालय आया था। आरोप है कि प्रधानाचार्य संजय ने छात्र को अभिभावक को विद्यालय में बुलाने के लिये कहा था। आरोप है कि छात्र के पिता मोमीन अपने अन्य साथियों के साथ विद्यालय पहुंच गये। प्रधानाचार्य ने मोमीन से फीस के बकाया 7800 रुपये मांगे, तो मोमीन ने गाली गलौंच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



# दो मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के प्रयास का आरोप

कांधला, 16 सितम्बर ( बु. )। थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी एक महिला ने अपने पड़ौस के एक युवक पर दो मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी महिला मोनू पत्नी सुनील ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति सुनील काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ है। बुधवार की शाम को वह भी पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। घर पर महिला के दो मासूम बच्चे रूचि और शौर्य थे। महिला का आरोप है कि रंजिश के चलते पड़ोस के ही युवक सूरज ने उसके दोनों मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। बच्चों के शोर मचाने पर पड़ौस के ही कई लोग मौके पर आ गए। पड़ौस के लोगों को आता देख आरोपी युवक दोनों बच्चों को मौके से छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने गुरूवार को थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# जनता दर्शन में आज फिर एसडीएम बुढ़ाना ने किया जन समस्याओं का निस्तारण

बुढ़ाना, १६ सितम्बर (बु.)। आज गुरुवार को फिर दूसरे दिन बुढ़ाना के उप जिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने कार्यालय पर जनता दर्शन के दौरान बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के डीएम चंद्र भूषण सिंह के आदेशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी बुढ़ाना अजय कुमार अंबष्ट द्वारा आज गुरुवार के दिन तहसील बुढ़ाना परिसर में स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं और शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक तरीके से सुनकर उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एक शिकायती पत्र बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड निवासी रविन्द्र राठी ने भी दिया। इस अवसर पर जनता दर्शन में आये आमजनों के अलावा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बीते बुधवार को भी उपजिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने जनसमस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया था।



मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
(आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन– 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# बूथ अध्यक्ष और सदस्य एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करेंगे : मुकेश चौधरी

## -सपा के बूथ सम्मेलन में बूथों को मजबूत करने पर दिया गया बल

चरथावल, 16 सितम्बर ( बु. )। चरथावल में थानाभवन रोड स्थित एक फार्म हाउस में सपा का बूथ सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें चरथावल ब्लॉक के समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्षों एवं सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं से सभी बूथों को मजबूत करने पर बल देते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर जीत दिलाने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए तथा हर बूथ पर जिताने के लिये कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया। चरथावल के एक फार्म हाउस में बूथ सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी ने कहा कि बूथ से ही संगठन को मजबूती मिलती है। एक बूथ भी कमजोर रहेगा, तो वहां पर जीत नहीं होगी। बूथ अध्यक्ष और सदस्य एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करेंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर पार्टी की जीत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर सपा की जीत होगी। कार्यकर्ता अपने बूथ से लेकर गांव तक से पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। इस दौरान पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी ने अपील कि सभी एकजुट और संगठित रहें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भाजपा सरकार से हर वर्ग त्रस्त है और महंगाई के कारण आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। तेल, खाद्य पदार्थों, सिलेंडर आदि ने सभी का जीवन चलाना मुश्किल कर दिया है। जनता अबकी बार भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देगी और बड़े बहुमत के साथ प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। चरथावल में बूथ सम्मेलन आयोजित होने से चरथावल विधानसभा से टिकट मांग रहे अन्य दावेदारों में खलबली मच गई है और पार्टी हाईकमान द्वारा यह कहना कि बूथ कमेटी की रिपोर्ट पर टिकट फाइनल होंगे मुकेश चौधरी का यह कदम टिकट की दावेदारी को मजबूत करता दिखाई पड़ रहा है और बूथ सम्मेलन आयोजित होने से क्षेत्र में यह चर्चा आम जनता में होती दिखाई दे रही है कि कही पार्टी हाईकमान ने चरथावल सीट से मुकेश चौधरी का टिकट फाइनल तो नहीं कर दिया। वजह चाहे जो भी हो और टिकट किसे मिलेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन बूथ सम्मेलन आयोजित होने से अन्य दावेदारों में खलबली मच गई है और आम जनता मुकेश की दावेदारी को पक्की मानकर चल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन पति मास्टर इस्लाम व संचालन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नौशाद बुड़ीना ने किया। इस दौरान रमेश त्यागी, सपा नगराध्यक्ष भूरा आढ़ती, सतीश प्रधान, बसन्त कुमार, रामपाल प्रधान, बिजेंद्र प्रधान, राजवीर त्यागी, प्रमोद त्यागी, उमेश चंद त्यागी प्रधान, सुरेश शर्मा, आलम त्यागी, नरेश पुंडीर, सचिन मलिक प्रधान, ताजीम त्यागी, नीटू त्यागी, अशोक पुंडीर, सुखपाल प्रधान, रियासत बबरा, बाबा प्रधान, ठा रविन्द्र बुद्धाखेड़ा, शराफत प्रधान पावटी, शिवचरण कश्यप आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुढ़ाना में शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक स्थानों पर लगेगी कोविड वैक्सीन

बुढ़ाना, १६ सितम्बर (बु.)। शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में सुबह आठ बजे से सायं चार बजे तक १८ साल से ऊपर की आयु के सभी लोगों को कोविड वेक्सीन लगेगी। यह जानकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप ने सीएमओ मुजफ्फरनगर कार्यालय के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि १७ सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना, भारत सिनेमा हाल बुढ़ाना, अंबेडकर भवन बुढ़ाना, प्राईमरी पाठशाला नंबर दो रसूलपुर दभेडी, प्राइमरी पाठशाला नंबर दो अलीपुर अटेरना, उपकेंद्र ग्राम हबीबपुर सीकरी, प्राईमरी पाठशाला नंबर एक कुरावा, प्राइमरी पाठशाला नंबर एक खेड़ी गनी, प्राइमरी पाठशाला गांव सफीपुर, प्राईमरी पाठशाला नंबर एक बुआना और जूनियर हाईस्कूल ग्राम बुआना, प्राईमरी पाठशाला कपूरगढ, प्राईमरी पाठशाला खानपुर और प्राईमरी पाठशाला रायपुर अटेरना में लगने वाले बूथों पर कोविड वैक्सीन लगेगी। उन्होंने १८ साल से ऊपर की आयु के सभी लोगों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक कोविड वैक्सीन नहीं लगवाई है, तो वे उक्त स्थानों पर लगने वाले अपने किसी भी नजदीकी कैंप पर जाकर कोरोना वैक्सीन लगवा सकते हैं।



1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# सियासत और बयानबाज़ी

उत्तर प्रदेश की सियासत रोज़ नये रूप में सामने आ रही। सूबे के नेता एक-दूसरे के ख़िलाफ़ जमकर बयानबाज़ी कर रहे हैं। अखिलेश यादव भाजपा को बुल्डोजर चुनाव चिह्न रखने को कहते हैं, तो भाजपाई उन्हें एके 47 चुनाव चिह्न रखने को कह रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सपा पर और अखिलेश यादव पर हमलावर हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुज़फ़्फ़रनगर दंगों को लेकर भी सपा पर निशाना साधा है। योगी ने मुज़फ़्फ़रनगर दंगे को सत्ता प्रायोजित कहा और कहा कि निर्दोष लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए, जिन्हें बहुत पहले ही वापस ले लेना चाहिए था। योगी आदित्यनाथ ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि अपने निकम्मेपन और नाकामयाबियों को छुपाने के लिए पिछली सरकार ने निर्दोष लोगों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए थे, उन्हें वापस होना ही था। यह तो बहुत पहले ही वापस हो जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने कहा, मुज़फ़्फ़रनगर में मासूमों की प्रताड़ना की गई। झूठे मुकदमे लादे गए। ऐसे सभी मुकदमों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए, जिसे पिछली सरकारों ने राजनीतिक कारणों से निर्दोष लोगों पर लगाए थे। योगी सरकार ने मुज़फ़्फ़रनगर के दंगो से सम्बंधित 77 आपराधिक केस वापस ले लिए थे। इनमें आजीवन कारावास जैसी धाराओं में भी केस दर्ज थे। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए दंगों में 62 लोगों की मौत हुई थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पांच ज़िलों में 6869 लोगों के ख़िलाफ़ 510 मुकदमे दर्ज किए गए थे। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश राणा, विधायक संगीत सोम, कपिल अग्रवाल, उमेश मलिक, साध्वी प्राची के खिलाफ भी धर्म विशेष के खिलाफ उकसाने और भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज हुआ था। चुनाव को लेकर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा जो ट्रेंड चल रहा है, आप नोट कर लें कि 350 सीटों से कम भाजपा लेकर आएगी ही नहीं। विधानसभा चुनाव में चंद महीने बचे हैं और इस बयान के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या यूपी में वाकई भाजपा की लहर है? सवाल यह भी है कि योगी क्या अति आत्मविश्वास में हैं? क्या चुनाव से पहले भाजपा किसी मुगालते में है? इस समय राज्य में चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। पार्टियां अपने-अपने दावे कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव दावा करते हैं कि उनकी पार्टी 400 सीटें जीतने जा रही है। योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि भाजपा 2017 से भी ज़्यादा सीटें इस बार जीतेगी। इन दावों को किस तरह देखा जाए, इस पर कुछ नेताओं का कहना है कि पिछली बार भाजपा ने 300 से ज़्यादा सीटें जीती थीं। चुनाव के समय इस तरह के दावे किए जाते हैं। कांग्रेस का कहना है कि उसके बिना सरकार नहीं बन रही है। सभी के इस तरह के दावे हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव होने जा रहा है सभी अपनी-अपनी लहर बता रहे हैं। अजय कुमार लल्लू को भी सरकार बनाने की उम्मीद है। भाजपा के दृष्टिकोण से गुण्डागर्दी का गिरता ग्राफ़ एक बड़ी उपलब्धि है। एक चीज़ स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की ज़्यादातर जगहों पर सीधी टक्कर दिख रही है। फ़ेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अखिलेश यादव के ख़िलाफ़ कई तरह के छोटे-छोटे वीडियो चल रहे हैं। चौराहों पर लोगों को इकट्ठा करके पत्रकार राह चलते लोगों से उनकी राय पूछ रहे हैं। लोग अपने-अपने विचार प्रगट कर रहे हैं। कुछ अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं, तो कुछ योगी आदित्यनाथ को। कुछ लोगों का मानना है कि चाहे अखिलेश कहें या योगी पहली बात तो ये पब्लिसिटी स्टंट है। हमें इसको गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। अभी किसी को नहीं पता किसकी कितनी सीटें आएंगी। अभी तो टिकट वितरण ही शुरू हुआ है। एक सपा नेता का कहना है कि अगर वह इतने कॉन्फिडेंट हैं, तो उनको अब्बा जान क्यों याद आ रहे हैं। पोलराइजेशन की बात क्यों कर रहे हैं? अगर उनको इतना भरोसा है, तो बजाय हिंदू-मुस्लिम के उनको अपनी उपलब्धियों पर चुनाव लड़ना चाहिए। 1989 में उत्तर प्रदेश में जनता दल की सरकार बनी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बने। वहीं 1991 की राम लहर में कल्याण सिंह ने भाजपा का कमल खिला दिया। इसके ठीक 2 साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में सपा-बसपा ने सत्ता हासिल की।1996 और 2002 में किसी को बहुमत नहीं मिला। इसी तरह 2007 में मायावती की बसपा, 2012 में अखिलेश यादव की सपा और 2017 में भाजपा ने बहुमत हासिल किया। यानी पिछले तीन दशकों का ट्रेंड अगर देखें तो साफ़ है कि उत्तर प्रदेश में जो जीतता है, वह अगली बार सत्ता में नहीं आता है। राजनैतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि इस बार यह ट्रेंड बदल सकता है और योगी आदित्यनाथ फिर मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उत्तर प्रदेश में एंटी इनकंबेंसी बहुत ज़्यादा असर दिखाती रही है। अगर भाजपा उस एंटी इनकंबेंसी से उबर पाने में सफल रहती है, तो यह रेकॉर्ड बनेगा। वरना सिलसिला बदस्तूर वही है कि सत्ता विरोधी लहर भारी पड़ जाती है। ये लोकप्रिय सरकारों पर भी भारी पड़ जाती है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 39.67 प्रतिशत वोटों के साथ 312 सीटें जीती थीं, वहीं उसकी सहयोगी अपना दल ने 0.98 प्रतिशत वोट और 9 सीटें हासिल की थीं। इसके अलावा ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी भी चुनाव में भाजपा की सहयोगी थी, उसने 0.7 प्रतिशत वोटों के साथ 4 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सहयोगियों के वोटों और सीटों को मिलाएं तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 41.3 फीसदी वोट और 325 सीटों के साथ तीन चौथाई बहुमत हासिल हुआ था। वहीं विपक्षी समाजवादी पार्टी-कांग्रेस अलायंस को 54 सीटें मिली, जिनमें सपा-47, कांग्रेस-7 पर रही। सपा को 21.82 और कांग्रेस को 6.25 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके साथ ही बीएसपी को 22.23 प्रतिशत वोटों के साथ सिर्फ 19 सीटें मिलीं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल को भी इस चुनाव में करारी शिकस्त मिली थी। आरएलडी 1.78 प्रतिशत वोट के साथ महज 1 सीट पर सिमट गई थी। देखना यह है कि इस बार किसे कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं। राजभर क्या गुल खिलाते हैं, ओवैसी अपनी बयानबाज़ी से कितने प्रतिशत वोट लेते हैं। बयानबाज़ी से कौन सी पार्टी कितने वोट लेती है, यह भी देखने वाली बात होगी।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'जेब' 'इंडिया' 'चोर' 'विकास'

देश को नुकसान देकर भर रहे हैं जेब जो,
उनको भी तो झेलता है अपना प्यारा इंडिया।
चोर भी सब पल रहे हैं और जारी है विकास,
आज भी सोने की चिड़िया है हमारा इंडिया।

# परिवहन विभाग ने जनपद में चलाया जांच अभियान

## सात वाहनों का चालान, तीन पर हुई सीज की कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। डीएम चन्द्र भूषण सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने गुरूवार को जिले में संचालित हो रहे ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अभियान की इस कड़ी में एआरटीओ विनीत कुमार मिश्र के नेतृत्व में पीटीओ इरशाद अली ने विभागीय टीम के साथ भोपा और जानसठ रोड पर विशेष अभियान चलाया। विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए ओवर लोड सात वाहनों के चालान और तीन वाहनों को सीज किया। बुधवार की देर शाम डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर एआरटीओ प्रशासन विनीत कुमार मिश्रा और पीटीओ इरशाद अली ने विभागीय टीम के साथ क्षेत्र में संचालित हो रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने भोपा और जानसठ रोड पर इस अभियान को चलाते हुए कार्रवाई करते हुए ओवरलोड सात वाहनों का चालान किया है और तीन वाहनों को सीज किया है। इस संबंध में पीटीओ इरशाद अली ने बताया कि जनपद में जारी इस अभियान के तहत आगे भी इस तरह का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरूवार को हुई कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है।



# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम बिहार गढ़ निवासी मोहर सिंह पुत्र पूरण ने एसएसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में पुत्र पर हमला करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान हमलावरों के खुले घूमने व किसी झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने के साथ ही नीचा दिखाने के भी आरोप लगाए। गुरूवार को एसएसपी दफ्तर पहुंचे भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम बिहार गढ़ निवासी मोहर सिंह पुत्र पूरण ने सौंपे ज्ञापन में पुत्र पर हमला करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी किए की मांग की। पीड़ित परिवार संग मुख्यालय पर पहुंचे मोहर सिंह ने बताया कि बीते 12 सितम्बर को उसका पुत्र गोविन्द मोरना से घर वापस जा रहा था, जहां रास्ते में गांव के ही मन्नसू के साथ काला पुत्र कंवरपाल, सोनित पुत्र राजेन्द्र, मोनू व रवि पुत्र ऋषिपाल आपस में झगड़ा कर रहे थे, जिन्हें उसके पुत्र द्वारा छुड़ाने का प्रयास करने पर उक्त आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे उसके पुत्र को काफी घायल कर दिया। उसने बताया कि भोपा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के बावजूद आरोपी खुले घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ितों ने एसएसपी से दोषियों की गिरफ्तारी के साथ जान माल की सुरक्षा की मांग की।




# मिशन शक्ति से महिलाओं में आई जागृति : अंजू अग्रवाल

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। महिलाओं को अधिकारों व योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति-3 अभियान के अंतर्गत नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज और एसडी कन्या इण्टर कॉलेज झांसी की रानी में गुरूवार को मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडी कन्या इंटर कॉलेज में चेयरमैन अंजू अग्रवाल का अभिनंदन प्रधानाचार्या रजनी गोयल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम संचालन रीना यादव व प्रतिमा तायल ने संयुक्त रूप से किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यापिका रीना यादव, प्रतिमा तायल, डॉ. रितु चावला के द्वारा उपस्थित शिक्षिकाओं व छात्राओं को प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति, तेग बहादुर जयंती विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को अतिथि अंजू अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया। वहीं नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक व चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या सुमित्रा सिंह ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने बालिका व छात्राओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं व छात्राओं को नगर में सुरक्षित वातावरण को उपलब्ध कराने को पालिका की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता सजला तायल ने किया। कार्यक्रम में पालिका के ईओ हेमराज सिंह, सभासद पूनम शर्मा व शफीक अहमद के अलावा मिशन शक्ति प्रभारी अनिता कपिल, कला प्रवक्ता गीतांजलि, उषा सिंह, रिचा अग्रवाल, करूणा वर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## नगरपालिका विवाह स्थल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् के द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह स्थल के रूप में विकसित कराए जा रही भूमि पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने व निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने के लिए गुरूवार को पालिका ईओ व सभासदों ने निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चेयरमैन अंजू अग्रवाल के निर्देशन में पालिका द्वारा रुड़की रोड पर पुलिस चौकी के पास पड़ी पालिका के भूमि पर किये गये अवैध कब्जे हटवाकर वहां पर गरीब कन्याओं के विवाह स्थल को विकसित कराने के लिए निर्माण कार्य स्वीकृत किया। यहां पर पालिका की भूमि की बाउण्ड्री वॉल कराई जा रही है, ताकि भूमि को सुरक्षित करने के साथ यहां पर गरीब कन्याओं का विवाह स्थल बन सके। ईओ हेमराज सिंह ने गुरूवार को अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को साथ लेकर डीएम के निर्देश पर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पालिका मुजफ्फरनगर क्षेत्र में रुडकी चुंगी पुलिस चौकी के पास हो रही बाउंड्री निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार को कार्य को समय से निपटाने के निर्देश दिये। इस भूमि के कब्जामुक्त होने और पालिका चेयरमैन द्वारा यहां पर विकास कार्य स्वीकृत करने से इस क्षेत्र के साथ ही शहर भर के जरूरतमंद लोगों को एक अच्छा विवाह स्थल उपलब्ध हो पायेगा।

# कार्यकर्ता ही किसी संगठन की असली ताकत : प्रमोद त्यागी

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। सपा में मिशन 2022 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यकर्ताओं को नए दायित्व दिए गए हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं को दिए नए दायित्व पर सम्मानित भी किया। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि कार्यकर्ता ही वास्तव में किसी संगठन की असली ताकत होता है और सपा ने हमेशा ही अपने कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया है। समाजवादी पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को सपा हाईकमान के निर्देश पर जिम्मेदारी दी गई, जिनमें मीडिया प्रभारी साजिद हसन को पुरकाजी विधानसभा व युवा नेता डॉ. इसरार अल्वी को समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव व ईशान अग्रवाल को समाजवादी प्रबुद्ध सभा में जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाला किन्नर को पार्टी में जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इससे पूर्व प्रमोद त्यागी ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसान व मजदूर ही नहीं हर वर्ग का उत्पीड़न हो रहा है, जबकि सबका साथ, सबका सम्मान और सबका विश्वास के अपने नारे को धोखे में बदलने वाली भाजपा सरकार को जनता हटाने के साथ हर जाति और वर्ग को सम्मान व अधिकार देने वाली सपा सरकार को लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सपा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की जीत के लिए मजबूत संगठन बूथ स्तर तक तैयारी पर है। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने सपा कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र सौंपे गए। इस दौरान साजिद हसन, गौरव जैन, रोहन त्यागी, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, फिरोज अंसारी, संदीप धनगर, ईशान अग्रवाल, शिवम त्यागी एड, शिवकुमार खटीक, नियाज हैदर, सलमान त्यागी, नवेद रँगरेज ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मास्टर संजीव लांबा, नितिन, संजीव, मारूफ चौधरी, नईम अली, सलाउद्दीन, राजकुमार चौधरी, कमरुद्दीन, शेर खां शाहरुख, इंतजार, राशिद समेत दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आर्य कन्या में मिशन शक्ति कार्य योजना का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर में 'मिशन शक्ति कार्य योजना' के अन्तर्गत मेगा इवेन्ट में विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुमलता ने उपस्थित छात्राओं को मुख्यमंत्री सुमंगल योजना निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना ग्राम पंचायत सभा में मिशन कक्ष की व्यवस्था एवं महिलाओं को स्वावलम्बी, सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया गया एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति रोजगार से मुख्यधारा में शामिल करने के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त वालवाड़ी क्रैच की स्थापना किये जाने के बारे में भी जानकारी दी गयी। महिला पुलिस अधिकारी की तैनाती के साथ प्रदेश की पिंक ट्रॉयलेट बनाने के बारे में भी जानकारी दी गयी।


## आवश्यकता है



होम्योपैथिक क्लिनिक के लिये 2 कम्पाउंडरों की आवश्यकता है, जो कम से कम हाईस्कूल पास हों तथा नई मण्डी के पास रहने वाले हों।

-: सम्पर्क करें :-
डॉ. सुनील जैन
70-बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर


# दशलक्षण पर्व पर वहलना मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। जैन धर्म के दशलक्षण महापर्व में धूपदशमी के उपलक्ष्य में श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना संपन्न हुई। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने उत्तम तप व धर्म की आराधना कर आत्म कल्याण की कामना की। इस बीच सुगंध दशमी व्रत कथा पढ़ने का साथ तमाम जैन जिनालयों में 24 तीर्थंकरों, पुराने शास्त्रों व जिनवाणी के सम्मुख चंदन की धूप अग्नि पर खेवन किया गया। वहीं 19 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और 21 सितंबर को जैन परंपरागत के अनुसार क्षमापर्व यानी क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। पूर्व वर्षो की भांति गुरूवार को देशभर के साथ जनपद के तमाम जैन मंदिरों में दशलक्षण पर्युषण महापर्व के अंतर्गत आने वाली भाद्रपद शुक्ल दशमी को दिगंबर जैन समाज में सुगंध दशमी का पर्व मनाया, जिसे धूप दशमी, धूप खेवन पर्व कहा जाता है। यह व्रत पर्युषण पर्व के छठें दिन दशमी को मनाया जाता है। इस पर्व के तहत जैन धर्मावलंबी जैन मंदिरों में जाकर श्रीजी के चरणों में धूप अर्पित करते हैं, ताकि तमाम वायुमंडल सुगंधित व स्वच्छ होने के साथ धूप की सुगंध से जिनालय महक उठे। गुरूवार को इस कड़ी में श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर के महामंत्री राजकुमार जैन नावला वालों ने बताया कि सुगंध दशमी व्रत का दिगंबर जैन धर्म में काफी महत्व है, जिसमें महिलाएं हर वर्ष इस व्रत को करती हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक व्रत को विधिपूर्वक करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मो का क्षय होकर पुण्य तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सांसारिक दृष्टि से उत्तम शरीर प्राप्त होना भी इस व्रत का फल बताया गया है। उन्होंने बताया कि सुगंध दशमी के दिन हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह इन पांच पापों के त्याग रूप व्रत को धारण करते हुए चारों प्रकार के आहार का त्याग, मंदिर में भगवान की पूजा, स्वाध्याय, धर्म चिंतन-श्रवण, सामयिक आदि में अपना समय व्यतीत करने का महत्व है। इस दिन जैन धर्मावलंबी अपनी श्रद्धानुसार कई मंदिरों में अपने शीश नवाकर सुंगध दशमी का पर्व बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री राजकुमार जैन, संजय जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, विप्लव जैन, मनीष जैन, विजय जैन, अमित जैन, दिनेश जैन, वैभव जैन, सतीश जैन, आशीष जैन, निखिल जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। उधर, नगर के अन्य तमाम जैन मंदिरों में भी इस बीच विशेष तौर पर साज-सज्जा, आकर्षक मंडल विधान सजाने के साथ ही मनोहारी झांकियों का निर्माण किया गया। वहीं सुगंध दशमी कथा का वाचन किया तथा उत्तम तप धर्म की आराधना कर आत्म कल्याण की कामना की गई।





# जिला गन्ना अधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। डीएम वार रूम के बूते जनपद में आने वाली तमाम जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर डीएम बेहद संवेदनशील हैं। ऐसे में सभी विभागों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को जन शिकायतों के लिए जनता दर्शन में रूचि ली जा रही है। ऐसे ही हालातों के बीच जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में भी गुरूवार को जनता दर्शन में आने वाले किसानों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर काम किया गया, ताकि किसानों की समस्या निदान में समय रहते कार्यवाही की जा सके। इस दौरान किसानों ने अनेक समस्याओं से जिला गन्नाधिकारी को अवगत कराया। जन समस्याओं के निदान के लिए डीएम चंद्र भूषण सिंह द्वारा गठित डीएम वार रूम जनपद के लोगों की समस्या निदान के लिए कारगर साबित होने लगा है। डीएम के आदेशों के बीच गुरूवार को सरकूलर रोड स्थित जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को अधिकारी द्वारा सुना गया। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी डॉ. आरडी द्विवेदी ने अपने कक्ष में डीएम के आदेशों के चलते जनता दर्शन में कोरोना संक्रमण की जारी गाइडलाइंस के निर्देशों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं-शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका वक्त से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित लोगों की शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान गन्ना कार्यालय पर तमाम विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और जनता दर्शन में दूरदराज से आए किसान एवं अन्य आमजन मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

**ला. सुखलाल सनातन धर्म कन्या डिग्री कॉलेज, पुरकाजी, मुजफ्फरनगर**

में

बी.ए.- हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र
एवं बी.कॉम.- शिक्षण हेतु अध्यापिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु अपने मूल प्रमाण-पत्रों सहित दिनांक 19.09.2021 को प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित रहे।
मोबाइल : 9897385892

## J.P.S. PUBLIC SCHOOL

MORNA, MUZAFFARNAGAR
(Affiliated to C.B.S.E., 10+2)

**REQUIRED TEACHERS**

From : Nursery to VIII for all Subjects, A Computer Teacher and a Receptionist.

Walk in Interview on
19-September, Sunday
From 11:00 AM to 2:00 PM

At

59, Dwarikapuri,
Opp. Union Bank, Muzaffarnagar
Contact : 7983226456, 7017475907
E-mail : jpspublicschool@yahoo.in

Note : Conveyance available from Muzaffarnagar


# डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में गरीब कल्याण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। लोकवाणी सभागार में डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में गरीब कल्याण समिति की बैठक सम्पन की गई, जिसमें अनेक योजनाओं के प्रचार–प्रसार एवं कैम्प के माध्यम से आम जनमानस को लाभ पहुंचाना एवं शासकीय योजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, किसान कल्याण मेला, गरीब कल्याण अन्न वितरण योजना, जन आरोग्य मेला इत्यादि योजनाओं का आयोजन किया जाएगा। डीएम द्वारा बताया गया कि आगामी २५ सितंबर को जन आरोग्य मेले के अंतर्गत गरीब परिवारों के स्वास्थ्य सुविधाएं एवं निशुल्क इलाज उपलब्ध कराए जाने हेतु आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे तथा स्वास्थ्य मेले के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधित परीक्षण, कोविड टीकाकरण एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं को प्रत्येक ब्लक पर कैंप लगाकर आयोजित किया जाएगा। किसान कल्याण मेले के अंतर्गत कृषि संयंत्रों के वितरण की व्यवस्था, ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, केसीसी गोल्ड लोन, सोलर पंप इत्यादि योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के साथ गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत समस्त राशन की दुकानों पर अन वितरण कार्यक्रम होगा। वृद्धावस्था विधवा पेंशन योजना के कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषाहार वितरण कार्यक्रम एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा दिव्यांगजन विभाग द्वारा ट्राई साइकिल का वितरण, श्रम विभाग द्वारा साईकिल वितरण का कार्यक्रम होगा। इस प्रकार विभिन्न कार्यक्रम जनपद के समस्त ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएंगे। तथा समस्त निकायों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही डीएम ने कार्यक्रम के संचालन एवं निगरानी हेतु ग्राम स्तरीय ब्लॉक स्तरीय तहसील स्तरीय जनपद स्तरीय अधिकारियों की समितियां को गठित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

## विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया, जिसमें सभी प्रकार की दवाइयों से मरीजों का ईलाज होगा। एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथ द्वारा सभी को लाभ मिलेगा। जांच भी होगी। रिद्धि लैब द्वारा खून की जांच, जिसमें हिमोग्लोबिन ब्लड शुगर ब्लड ग्रुप की जांच निःशुल्क की जायेगी। कार्यक्रम में माननीय जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री उ.प्र. सरकार, डॉ. हिमानी अग्रवाल क्षेत्रीय संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ, अमित चौधरी कार्यक्रम संयोजक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर फौजदार और चिकित्सा प्रकोष्ठ और डॉ. गीतांजलि जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के सभी चिकित्सक बंधु मौजूद रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र त्यागी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. जीत सिंह तोमर, डॉ. सत्यव्रत त्यागी, डॉ. मुकेश गौड़, डॉ. योगेश कुमार, सुभाष ठेकेदार, सोमदत्त आदि मौजूद रहे।

# इंजी. क्लब द्वारा 'भारत रत्न' इंजीनियर मोक्ष गुण्डम के जन्मदिवस का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। इंजी. क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा भारत रत्न इंजी. मोक्ष गुण्डम विश्वेशवरैया के जन्मदिवस इंजीनियर्स डे पर समारोह का आयोजन महावीर चौक, मुजफ्फरनगर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बी.के. मिश्रा, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण नगर रहे। इस समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष इं. बी.आर. शर्मा एवं संचालन क्लब सचिव इ. यू.सी. वर्मा ने किया। क्लब की घोषणा के अनुरूप इंजी. दिवस के साथ–साथ 'समाज के प्रति इंजीनियर का योगदान' पर संगोष्ठी के साथ समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि इंजी. बी.के. मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि इ. लोकेश चन्द्र (से.नि. मुख्य अभियंता) इ. ओ. पी.एस. तोमर (से.नि. मुख्य अभियंता) एवं इ. आर.के. सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, इ. एस.के. गुप्ता, अधीक्षण



अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल प्रथम, मुजफ्फरनगर एवं अन्य अतिथियों को आसन ग्रहण कराकर माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ किया गया। क्लब के संयुक्त सचिव इ. पी.के. गुप्ता द्वारा क्लब के उद्देश्य एवं कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि समाज सेवा के अन्तर्गत सर्दी का मौसम में विद्यालय की गरीब लड़कियों को ड्रेस एवं जूते मौजे वितरित किये जाते हैं एवं वृक्षारोपण किया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित इंजीनियर्स के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें सर्वप्रथम कृष्णा द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। विहान, वाणी ने कविता प्रस्तुत की। अनिका ने विद्यार्थी के लक्षण के विषय में बताया एवं प्रियमवदा ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। अन्त में क्लब अध्यक्ष इ. बी.आर. शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथि एवं सदस्यों को इंजीनियर दिवस की बधाई दी एवं सम्पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में इं. प्रदीप बंसल, इ. बी.बी. गुप्ता, इ. कृष्ण कुमार, इ. राज नारायण, इ. के.के. शर्मा, इ. प्रदीप बंसल, इ. मानवेन्द्र शर्मा, इ. ललित शर्मा, इ. राजेन्द्र कुमार, इ. सी.डी. शर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार गौतम, प्रधानाचार्य एस.डी. इंजीनियरिंग कॉलेज, इ. देवांश गौतम आदि उपस्थित रहे। समारोह के अंत में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0669305 का प्रमाण पत्र सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**अर्जुन सिंह**
पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह
ग्राम : खेड़ी रांगडान,
ब्लॉक : खतौली,
जिला : मुजफ्फरनगर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शबाना से बदलकर अनिता शर्मा रख लिया है। अब मुझे अनिता शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**अनिता शर्मा**
पत्नी श्री दीपक कुमार शर्मा
निवासी : हाईडिल कॉलोनी, क्वार्टर न. 30, मौहल्ला गऊशाला, मुजफ्फरनगर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पहले मेरा नाम अंजना शर्मा पुत्री श्री रामपाल शर्मा था, शादी के बाद मैंने अपना नाम बदलकर अंजली मिश्रा रख लिया है। अब मुझे अंजली मिश्रा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**अंजली मिश्रा**
पत्नी श्री आशीष कुमार मिश्रा
निवासी : 1198, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा भाई सुरेन्द्र कुमार, जो कि शादी शुदा है और हम दोनों भाई अपने परिवार सहित अलग–अलग रहते हैं। मैं और मेरा परिवार रूड़की में पिछले दो वर्षों से रहता है और हमारे पिताजी ने अपनी चल–अचल सम्पत्ति का बटवारा कर दिया था। अब हम दोनों भाईयों व परिवारों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। यदि मेरा भाई सुरेन्द्र कुमार व उसका परिवार कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का लेनदेन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**विरेन्द्र कुमार**
पुत्र श्री सुखबीर
निवासी : ग्राम : छपरा, जिला मुजफ्फरनगर
हाल निवासी : साउथ सिविल लाईन, रूड़की


## सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज
केशवपुरी, मुजफ्फरनगर

की ओर से लॉकडाउन-2 के पश्चात पुनः विद्यालय खुलने पर हार्दिक शुभकामनाएं

**कोविड-19 के कारण अभिभावकों को शुल्क में भारी छूट**

- कक्षा प्ले से पंचम तक समस्त भैया-बहनों को वार्षिक शुल्क की पूर्णतः छूट।
- कक्षा प्ले से पंचम तक नवीन प्रवेशित भैया-बहनों को विद्यालय से निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें।
- कक्षा प्ले से पंचम तक इस वर्ष नवीन प्रवेशित भैया-बहनों को प्रवेश लेने के माह से ही शुल्क लिया जायेगा।
- कक्षा षष्ठ से द्वादश तक के भैया-बहनों को 6 माह का शुल्क जमा करने पर 1 माह तथा 12 माह का शुल्क जमा करने पर 2 माह के शुल्क की विशेष छूट।
- भैया-बहनों में वैज्ञानिक सोच के साथ दक्षता एवं कौशल विकास हेतु (ATL) टिंकरिंग लैब स्थापित किया जा रहा है।
- भैया-बहनों में मानवीय मूल्यों के विकास हेतु आत्मानुशासन को प्रोत्साहन।

श्यामलाल बंसल संरक्षक | डॉ. विजय कुमार टण्डन अध्यक्ष | रविन्द्र गौड उपाध्यक्ष | कुलभूषण कुमार सह-प्रबन्धक
घनश्यामदास कोषाध्यक्ष | संजय अग्रवाल प्रबन्धक | सुशील कुमार प्रधानाचार्य | एवं समस्त विद्यालय प्रबन्ध समिति

आवश्यकता है : इण्टरमीडिएट स्तर तक कम्प्यूटर विषय पढ़ाने हेतु निर्धारित योग्यताधारी (एम.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस एवं हिन्दी टंकण का अभ्यास) आचार्य की। सम्मानजनक मानदेय। अपने सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता के प्रमाण पत्रों सहित अविलम्ब विद्यालय में सम्पर्क करें।

M. 9837119959, 9412111248, 9410199292

# फलों पर थूक, तंदूर में थूक के बाद अब बेकरी रसों को पैरों से कुचलने की वीडियो वायरल

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। सोशल मीडिया पर एक बार फिर घटिया मानसिकता और नीच कर्म करने वाले अमानवीय लोगों की एक वीडियो वायरल हुई है। वायरल वीडियो में बेकरी के एक कारखाने के अंदर रस बनाने के बाद उन्हें पैरों से रगड़ा जा रहा है। इतना ही नहीं रसों की पैकिंग करते समय उन्हें चाट–चाटकर पन्नियों में पैक किया जा रहा है। उक्त वीडियो को देखने के बाद जहां लोगों को घिन्न आ रही है, वहीं फेसबुक पर उक्त वीडियो को देखकर लोग गंदी–गंदी गालियां भी दे रहे हैं। हकीकत तो यह है कि अब बाजार में बनी किसी भी प्रकार की वस्तु को खाने में खतरा ही महसूस होने लगा है, क्योंकि कुछ घटिया किस्म के लोगों का कोई धर्म, ईमान तो रहा नहीं है और वे इतने नीचता पर उतर चुके हैं कि कुछ भी करने को तैयार बैठे हैं। उक्त मामले में वीडियो देखने वालों की भी एक बात सही लगी है, उन्होंने फेसबुक पर कमेंट करते हुए कहा है कि ऐसे लोग एक बार खुलकर सामने आएं तो इलाज भी भरा जा सके। कमेंट बॉक्स में कई ऐसे क्षेत्रों की चर्चा आम उपभोक्ताओं ने फेसबुक पर करते हुए बताया कि शहर के बीचोंबीच ही ऐसी कई बेकरियां खुली हुई हैं, जहां पूरी गंदगी के साथ रस, मरोडी, फैन, बिस्कुट आदि बनाए जा रहे हैं। नाम न लिखने की शर्त पर उपभोक्ताओं ने सिर्फ मौहल्लों की ओर इशारा किया और यह मौहल्ले कौन से हैं ? यह भी सभी को पता है। कुल मिलाकर असामाजिक तत्व अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रहे और अपनी घटिया हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और वे बार–बार ऐसी वीडियो डालकर एवं ऐसे कारनामों को अंजाम देकर यही जताना चाहते हैं कि जैसे वे अपना थूका हुआ किसी और को खिलाना चाहते हों, मगर ऐसा करने वाले लोगों को चाहे कोई देखे या न देखे, लेकिन ऊपर वाला आज नहीं तो कल ऐसे लोगों से अपने आप हिसाब–किताब करने का दमखम रखता है। फिलहाल सोशल मीडिया पर ऐसी वीडियो डालकर फिर से एक बार उपद्रव मचाने की कोशिश की जा रही है, मगर वीडियो बनाकर डालने वालों को भी आम आदमी चैलेंज कर रहा है कि अगर दम है तो एक बार अपनी बेकरी का पता और अपने मनहूस चेहरे दिखा दो फिर आम जनता अपने आप तुमसे निपट लेगी।



बृहस्पतिवार को नगर के कुछ क्षेत्रों में हुई तेज बारिश तो कहीं रिमझिम बारिश में कुछ ऐसे लोग बारिश से बचते नजर आए। फोटो बुलेटिन

## सावधान : पक्के ईमान वाले लोगों के यहां से ही खरीदें खाद्य पदार्थ

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। कोरोना काल से ही कभी थूक डालकर सब्जी बेचना, कभी तंदूर में थूक डालकर विवाह समारोह में परोसना और अब बेकरी की फैक्ट्री में रसों को पैरों से रगड़ा जाना एवं रसों को चाटकर पैकिंग करने की वीडियो वायरल हो रही है। ऐसी वीडियो को देखकर साफ जाहिर हो रहा है कि असामाजिक तत्वों के मंसूबे किस तरह के हो चुके हैं। वे कभी खाद्य पदार्थों में थूक तो कभी उन्हें पैरों से रगड़ने जैसी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में हमें खुद को ही संभलकर ऐसे लोगों के यहां से खरीदारी करनी चाहिए जो या तो जान पहचान के हों या फिर उनके ईमान पक्के हों, क्योंकि ऐसी छिछौरी हरकतें करने से किसी का कुछ नहीं बिगड़ता बल्कि घटिया मानसिकता का पता चलता है और आमजन में एक दूसरे के प्रति विश्वास पूरी तरह खत्म होता दिखाई देता है। ऐसी वीडियो देखने के बाद बाजारों से खरीदारी करने का मन ही खत्म हो जाता है। फिर उसमें चाहे किसी खाद्य पदार्थ को खरीदने की बात हो या फिर किसी विवाह समारोह में खाना खाने की बात हो, जिनका विश्वास ही नहीं, उनके यहां से खाद्य पदार्थ खरीदना ही बंद कर देना सबसे बेहतर उपाय है। उससे बेहतर उपाय कोई और हो ही नहीं सकता, क्योंकि कौन व्यक्ति कब क्या नीचता भरी हरकत करके हमें क्या परोस दे, अब इस बात का भरोसा खत्म हो गया है। इसलिए पूरी तरह सावधान होकर ही बाजारों से खरीदारी करें।

## नवरात्रों में चौलाई के लड्डू बाजारों से बिल्कुल न खरीदें?

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। आजकल नवरात्रों में चौलाई के लड्डू के ठेले सड़कों के किनारे अक्सर लगते दिखाई देते हैं और बड़े विश्वास के साथ स्वयं नवरात्र व्रत रखने वाले उक्त लड्डुओं को खरीद लेते हैं, मगर एक बार भी यह विचार नहीं करते कि उक्त लड्डू किन हाथों से बनाकर परोसे जा रहे हैं। यदि इन लड्डुओं को भी बनते हुए नवरात्र व्रत रखने वालों ने देख लिया, तो शायद दोबारा जीवन में सड़क किनारे किसी भी अंजान व्यक्ति से ऐसे लड्डू नहीं खरीद पाएंगे, क्योंकि ऐसे लड्डू ७० फीसदी ऐसे ही लोग बनाते हैं, जिन्हें साफ सफाई का जरा भी ध्यान नहीं है, जबकि व्रत त्यौहार में हम लोग सभी चीजें साफ सुथरे ढंग से खाना पसंद करते हैं। ऐसे में हम बाजार में ठेले पर बिक रहे किसी ऐसे व्यक्ति से कैसे नवरात्र व्रत का सामान ले सकते हैं, जिसका इतना भी विश्वास नहीं कि वह क्या डालकर हमें परोस रहा है।

# नगर में आधे शहर में झमाझम और आधे में हुई रिमझिम बौछारें

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। मौसम में तेजी से आए बदलाव के बीच गुरूवार को दोपहर बाद अचानक आसमान में छाए काले बादलों के बीच झमाझम और रिमझिम बरसे बदरा ने मौसम सहावना कर दिया। मौसम में आए इस बदलाव के बीच नगरीय क्षेत्र में जहां एक ओर आधे शहर में मूसलाधार बारिश, तो आधे शहर में मात्र बूंदाबांदी हुई। बारिश होने से मौसम सुहाना हुआ है। लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। जोरदार बारिश से मौहल्ला रामपुरी में मूसलाधार बारिश से जलभराव हो गया, जिसे लोगों को काफी परेशानी हुई। इस दौरान शहर के चार बिजलीघरों की सप्लाई भी प्रभावित रही है। गुरूवार की दोपहर मौसम में परिवर्तन हो गया। आकाश में काले बादल छा गए। कुछ देर के बाद बारिश शुरू हो गई। शिवचौक से झांसी रानी तक अच्छी बारिश हुई, लेकिन जिला परिषद बाजार के पास मात्र बूंदाबांदी हुई। इसके बाद रुड़की रोड पर बारिश हल्की रही, लेकिन मौहल्ला रामपुरी में मूसलाधार बारिश हुई, जिस कारण रामपुरी में जलभराव हो गया। इसके बाद शाहबुद्दीनपुर रोड पर बारिश हल्की हुई, लेकिन गांव में बारिश नहीं हुई। इसी क्रम में गांव मिमलाना में काली नदी तक मूसलाधार बारिश हुई। दोपहर बाद आकाश में काले बादल छाए रहे। जोरदार बारिश और रिमझिम बारिश के होने से मौसम में नमी का अहसास हुआ, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। बारिश के कारण दोपहर से शाम तक रुड़की रोड, जिला अस्पताल, शामली रोड और मिमलाना रोड बिजलीघर से आपूर्ति प्रभावित रही है।

## छात्रों के दो गुटों में संघर्ष

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। रोडवेज बस स्टैंड पर आज छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर लात घूंसे व बेल्टे चली जमकर मारपीट करने के बाद छात्रों के दोनों गुट मौके से फरार हो गए। छात्रों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दोपहर रोडवेज बस स्टैंड के निकट एसडी इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों ओर से जमकर लात घूंसे व बैल्टें चली, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही मारपीट कर रहे छात्र मौके से फरार हो गए।

## गैंगस्टर की तलाश में न्याजुपरा में छापा

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। शातिर गैंगस्टर की तलाश में आज बस्ती पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बस्ती जनपद के थाना परसरामपुर के एसआई रितेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ शहर कोतवाली पहुंचे और अपनी आमद दर्ज कराने के बाद बताया कि गांव न्याजूपुरा निवासी अमीन पुत्र अब्दुल कय्यूम के विरुद्ध बस्ती जनपद में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना परसरामपुर में दर्ज गैंगस्टर के मामले में अमीन फरार चल रहा है। उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस से अमीन की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी और स्थानीय पुलिस के साथ उसके आवास पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आ सका, जिसके चलते बस्ती पुलिस को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा।

## बैंक गोलीकाण्ड में आरोपी गार्ड भेजा जेल

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। गत् दिवस बालाजी चौक पर स्थित बैंक में गार्ड की बंदूक से चली गोली के मामले में पुलिस ने आरोपी गार्ड के विरुद्ध आईपीसी की धारा 338 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि गत् दिवस बालाजी चौक के पास स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के गार्ड की बंदूक गिरने से अचानक चली गोली से महिला समेत तीन लोग पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इंडियन ओवरसीज बैंक का गार्ड रिटायर्ड सैनिक मेहंदीहसन अपनी दोनाली बंदूक को लेकर बैंक में खड़ा था। अचानक बंदूक की बेल्ट टूटने से वह नीचे गिर गई थी। इसी दौरान गोली चल गई थी। बैंक में सोफे पर बैठे ग्राहक आनंदपुरी निवासी गौरव, मखियाली गांव निवासी रवि उर्फ मोनू और मल्लूपुरा निवासी महिला रुबीना के पैरों में गोली के छर्रे लगने से तीनों घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बंदूक को कब्जे में लेकर गार्ड को हिरासत में ले लिया था। इस सम्बंध में मखियाली निवासी प्रेम पुत्र राज सिंह ने गार्ड के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गार्ड के विरुद्ध आईपीसी की धारा 338 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## गिरफ्तारी की मांग

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र का गांव बिहारगढ़ निवासी सोना सिंह गुरूवार को कई ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा। यहां पर प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में दो पक्षों के बीच लड़ाई का बीच बचाव करने पर कुछ लोगों ने उसे और उसके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया था। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उधर, रामराज थानाक्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी बाबू ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि बीते महीने विवाद के चलते गांव के कुछ लोगों ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। काफी दिन उपचार कराने के बाद उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## दो किलो अवैध चरस के साथ युवक गिरफ्तार

बुढ़ाना, १६ सितम्बर (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के आदेशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के पर्यवेक्षण व कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा गठित टीम ने राजेन्द्र उर्फ जगवीर उर्फ गूंगा पुत्र घसीटा निवासी ग्राम कुतुबपुर दताना थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इसके पास से दो किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी राजेंद्र उर्फ जगबीर उर्फ गूंगा को मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गांव कुरथल के कट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार, उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल वकार खान और कांस्टेबल कुलवंत सिंह हैं।

# हत्या के 1 साल बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार नहीं पहुंचा गांव

भोपा, 16 सितंबर (बु.)। मोरना बाजार में दवा व्यापारी अनुज कर्णवाल की बदमाशों ने एक वर्ष पूर्व गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी थी। दहशत में आये परिजन अपने पुश्तैनी मकान पर ताला लगा पलायन कर चले गए थे, जो आज एक वर्ष बीत जाने के बाद नहीं लौट सके। आरोपी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा, लेकिन आज भी मोरना क्षेत्र का व्यापारी वर्ग उस दिन को याद कर सहम उठता है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना के मुख्य बाजार में 17 सितम्बर 2020 की देर शाम तीन बदमाशों ने घर के बाहर अपनी दवा की दुकान पर बैठे अनुज कर्णवाल पर गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या कर दी थी। इससे पहले बदमाशो ने बाजार को बंद कराने के लिये दुकानों पर बैठे व्यापारियों पर फायर कर दहशत फैलाकर एलानिया हत्या को अंजाम दिया था। घटना घट जाने के बाद मृतक की पत्नी अंजिता ने फोन कर पुलिस को सूचना देकर मौहल्ले वासियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन बदमाशों से खौफ खाये व्यापारी सहित ग्रामीणों ने भी किनारा कर लिया था। परिजन गोली लगे दवा व्यापारी को सरकारी अस्पताल लेकर पहुँचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर देर से पहुँची पुलिस को मृतक की पत्नी अंजिता ने खूब खरी खोटी सुनाई। यह मामला मीडिया की सुर्खियां बना, तो पुलिस पर बदमाशों को गिरफ्तार करने का भारी का दबाव बढ़ा। कई सामाजिक, राजनीतिक संगठनों द्वारा धरना प्रर्दशन किए गए। दवा व्यापारी हत्याकांड की गूंज लखनऊ विधानसभा में गूंजी, तो प्रदेश सरकार के आदेश पर शासन प्रशासन के आलाधिकारी ने मोरना बाजार में व्यापारी परिवार से मिलकर हर संभव सहायता किये जाने का आश्वासन दिया। तेरहवीं होने के बाद पत्नी अंजिता ने अपनी बेटियों कशिश, रिया के साथ गाँव से पलायन करने की बात कही, तो पुलिस के आलाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से गाँव छोड़कर न जाने की गुहार लगाई, लेकिन तेरहवीं की रस्म पूर्ण होते ही मृतक के छोटे भाई हरिकांत उर्फ डब्बू अपनी पत्नी के साथ मकान में रखा सामान पैक कर गाँव से पलायन कर अज्ञात स्थान पर चले गए। वहीं मृतक की पत्नी व बेटियों को अनुज कर्णवाल के बड़े भाई जो जिला अस्पताल में सरकारी पद पर तैनात हैं, वह अपने साथ ले गए। पुश्तैनी मकान में एक साल पहले लगा ताला आज भी ज्यों का त्यों लगा हुआ है। मकान के अंदर छाई खामोशी आज भी मकान मालिक के लौटने का इंतजार कर रही है। मोरना कारोबारी आज भी उस मंजर को याद कर सहम जाते हैं।

## सेन्ट्रल विस्टा पर लोगों को भ्रमित किया गया : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली 16 सितम्बर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेन्ट्रल विस्टा परियोजना की आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए आज कहा कि इन लोगों ने केवल भ्रम फैलाने की कोशिश की और सैकड़ों वर्ष पुराने तथा जर्जर हटमेंट्स एवं बैरकों में काम करने वाले सैन्य अधिकारियों की परेशानियों पर चुप्पी साधे रखी। श्री मोदी ने गुरूवार को यहां रक्षा मंत्रालय के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू स्थित दो नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोगों ने केवल भ्रम फैलाने के लिए इस परियोजना का विरोध किया और वास्तविकता तथा जरूरतों को नजरंदाज किया। उन्होंने कहा, '' जो लोग सेन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के पीछे डंडा लेकर पड़े थे वे हटमेंट्स पर चुप्पी साधे रहे। वे केवल भ्रम फैला रहे थे। '' प्रधानमंत्री ने कहा कि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के तहत बनाये गये इन दोनों भवनों को देखकर देश को समझ आ जायेगा कि सरकार किस उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इन खस्ताहाल हटमेंट्स की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया और हर कोई इनमें मरम्मत और पेंटिंग आदि कराकर काम चलाता रहा। मीडिया पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया ने भी कभी इस बारे में नहीं लिखा कि हमारे सैन्य अधिकारी किन परेशानियों और हालातों में जर्जर भवन में काम कर रहे हैं।




## रिश्तेदारी में आई विवाहिता से गैंगरेप

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। रिश्तेदारी में आई हुई विवाहिता के साथ 3 लोगों ने गैंगरेप किया। पीड़िता द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। आज पीड़िता ने एसएसपी से कार्यवाही और इंसाफ की गुहार लगाई है। एसएसपी के नाम दिए प्रार्थना पत्र में मेरठ जनपद के कस्बा मवाना निवासी विवाहिता ने बताया कि वह सिखेड़ा क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आई थी। यहां रात के समय तीन लोगों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस संबंध में उसने सिखेड़ा थाने पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है, कि पुलिस ने आरोपियों से मिलीभगत कर उसकी कोई सुनवाई नहीं की और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। आरोप है कि आरोपी उसे मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसएसपी से कार्यवाही में इंसाफ की गुहार लगाई है।

## गठवाला खाप की किसान महापंचायत को भाकियू ने दिया अपना समर्थन, किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया ऐलान

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। किसानों की समस्याओं के प्रमुख मुद्दों को लेकर हिन्द मजदूर किसान समिति के द्वारा गठवाला खाप को साथ लेकर आयोजित की जा रही किसान महापंचायत को अन्य किसान संगठनों ने साथ देने का ऐलान किया है। इस महापंचायत में 26 सितंबर को किसान संगठनों के नेता गठवाला खाप के मुखिया चौ. बाबा राजेन्द्र सिंह मलिक और परमधाम न्यास के प्रमुख चन्द्रमोहन महाराज के साथ मंच पर नजर आयेंगे।

हिन्द मजदूर किसान समिति द्वारा गुरुवार को आदर्श कालोनी भोपा बस स्टैंड के निकट संपन्न हुई बैठक में समिति के प्रवक्ता अमित मौलाहेड़ी ने बताया कि 26 सितम्बर की राष्ट्रप्रेमी मजदूर किसान महापंचायत को सफल बनाने को अन्य कई संगठन भी साथ आए हैं जिनका हिन्द मजदूर किसान समिति हृदय से स्वागत करती है। इस दौरान गठवाला खाप के बाबा चौधरी राजेन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह के आह्वान पर 26 सितंबर को जीआईसी मैदान में होने वाली हिन्द मजदूर किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार, किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने अपना समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि हिन्द मजदूर किसान समिति के प्रेरणा स्रोत चन्द्रमोहन के साथ ये सभी किसान नेता महापंचायत के मंच पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने बताया कि यह पूर्ण रूप से गैर राजनैतिक किसान महापंचायत है, ऐसे में हम किसानों के असली मुद्दों की लड़ाई को साथ आए हैं। भाकियू किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार ने कहा कि यदि महापंचायत के बाद भी सरकार हमारी मांगे नहीं मानती, तो हम लखनऊ के लिये कूच करेंगे। हिन्द किसान मजदूर समिति द्वारा किसान हितों के लिए जो मांगे उठाई गई हैं, वह जायज हैं और इनके पूर्ण होने पर देश का हर मजदूर व किसान खुशहाल हो जायेगा। हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि कुछ लोगों का महापंचायत को लेकर बयान आया है कि ये सरकारी पंचायत है। हम उन लोगों को बताना चाहते हैं कि ये फंडिंग वाली महापंचायत नहीं, इसमें किसानों के असली मुद्दों पर गहराई से चर्चा होगी और उनके निस्तारण के लिए मांग उठाई जाएगी। इसमें क्षेत्रीय किसानों का विराट समूह शामिल होगा।

# पुलिस ने गैंगस्टर की अवैध संपत्ति पर लगाया सरकारी बोर्ड

☐जिलाधिकारी के आदेशों पर करीब 10 लाख की संपत्ति को किया गया जब्त

भोपा, 16 सितंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव लगातार अपराधियों की कमर तोड़ने में लगे हुए हैं, जिसमें भोपा थाने के गैंगस्टर की लाखों की संपत्ति को जब्त किया गया है, वहीं पुलिस द्वारा भोपा थाना क्षेत्र के अन्य गैंगस्टर की संपत्ति जब्त करने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। क्षेत्र के अपराधियों की संपत्तियों का ब्यौरा प्रशासन को भेज दिया गया है। जल्द उनके खिलाफ भी कार्यवाही होगी। प्रदेश सरकार ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश प्रशासन को दिए हुए हैं, जिसमें अपराधियों द्वारा अपराध कर जितनी भी संपत्ति खरीदी हुई है, उन सभी संपत्तियों को सरकार द्वारा जब्त करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है, जिसमें प्रशासन द्वारा भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी में नसीम टांडिया की करीब 10 लाख की बेनामी संपत्ति को जब्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा अन्य अपराधियों की संपत्ति को चिन्हित किया गया है। थाना प्रभारी सुभाष अत्री ने बताया कि नसीम टांडिया पुत्र अनीस कुरैशी ग्राम सीकरी पर थाना भोपा में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें गोकशी चोरी गुंडा एक्ट गैंगस्टर 420 हत्या का प्रयास आदि संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, इसने अपराध करते हुए इस संपत्ति को खरीदा था, जिसके लिए चौकी प्रभारी रेशम पाल द्वारा इसकी संपत्ति का ब्यौरा निकाला गया, जिसके चलते चौकी प्रभारी द्वारा सभी कागजों की पूर्ति कर जिलाधिकारी से संपत्ति जब्त करने के आदेश कराए गए, जिसके चलते तहसीलदार जानसठ अभयराज पांडे की मौजूदगी में उसकी करीब 10 लाख 50 हजार की संपत्ति पर सरकार का बोर्ड लगा दिया गया है, वहीं भोपा थाना क्षेत्र के अन्य अपराधियों की संपत्ति भी जल्द ही जब्त की जाएगी, जिसकी प्रक्रिया चल रही है, जिससे अपराधी अपराध करने से डरें। इस मौके पर एसएसआई राजकुमार राणा, कांस्टेबल बिजेंद्र शर्मा, रघुराज सिंह, अमित यादव आदि मौजूद रहे।



## प्रेम विवाह करने पर परिजन बने दुश्मने जान, युगल ने लगाई एसएसपी से सुरक्षा की गुहार

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। प्रेम विवाह करने वाले युगल ने आज एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी जान को खतरा बताते हुए एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव महरायपुर निवासी रितिका व सत कुमार आज एसएसपी कार्यालय पहुंचे। एसएसपी के नाम दिए प्रार्थना पत्र में रितिका ने बताया कि वह बालिग है और उसने सत कुमार के साथ अपनी सहमति से विवाह कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि, उसके परिजन इस विवाह के खिलाफ हैं, जो उसके ससुराल वालों के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं और ससुराल वालों को हत्या की धमकी दे रहे हैं। प्रेमी युगल ने एसएसपी से कार्यवाही व सुरक्षा की मांग की है।

## बनी सहमति, अधिवक्ताओं का नो वर्क हुआ समाप्त

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। परिवार न्यायालय दो के पीठासीन अधिकारी द्वारा पूर्व में अधिवक्ताओं के साथ ही जिला बार संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों को लेकर टिप्पणी मामले में अब बार और बेंच के बीच सहमति बन गई है। बदले हालातों में अब जहां एक ओर अधिवक्ताओं के जारी आंदोलन के बीच कचहरी में चल रहा नो वर्क समाप्त कर दिया गया है, वहीं अधिवक्ता अब कोर्ट में लंबित मामलों की पैरवी कर सकेंगे। जिला बार संघ और सिविल बार एसोसिएशन द्वारा इस प्रकरण में गठित संघर्ष समिति से जिला जज की वार्ता के बाद लिए उक्त निर्णय से बार और बेंच के बीच मधुर रिश्ते न्याय हित में जारी रहेंगे। हालांकि सम्बंधित न्यायालय के जज का तबादला होने तक उनकी कोर्ट के बहिष्कार का निर्णय बार संघ की सहमति से जारी रहेगा। मुजफ्फरनगर में बीते दिनों हुए एक विवाद के चलते परिवार न्यायालय नम्बर 2 के पीठासीन अधिकारी पर कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के प्रति नकारात्मक व्यवहार करने के विरोध में जिला बार व सिविल बार एसोसिएशन द्वारा जारी आंदोलन छेड़ दिया गया था। को अब विराम लग गया है। गुरूवार को बार और बेंच के बीच बनी सहमति के बाद अब कचहरी में जारी नो वर्क समाप्त हो गया है। इससे पूर्व अधिवक्ता अपने सम्मान व न्याय पाने के लिए 8 सितम्बर को जिला एवं सिविल बार के आह्वान पर तमाम अधिवक्ताओं ने कचहरी में तालाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन किया और परिवार न्यायालय नम्बर 2 के पीठासीन अधिकारी का स्थानांतरण किए जाने की मांग भी की। अधिवक्ता इस बीच स्थानांतरण होने तक परिवार न्यायालय का बहिष्कार किए जाने के निर्णय के साथ ही आंदोलन की राह पर अग्रसर रहे। इसके लिए बार ने आगामी रणनीति बनाकर नो वर्क घोषित कर दिया था। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य न करने के कारण वादकारियों को भारी परेशानी हो रही है। ऐसे हालातों के बीच जिला जज राजीव शर्मा द्वारा बार के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए गुरूवार को बुलाया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा की गई इस सकारात्मक पहल के बीच हुई वार्ता से कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया और अधिवक्ताओं ने कचहरी में जारी नो वर्क को समाप्त किए जाने की घोषणा की।

**इन्होंने कहा-** जिला बार संघ के महासचिव अरूण कुमार शर्मा और सिविल बार के महासचिव बिजेन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि जिला जज से बार के पदाधिकारियों की सौहार्द्रपूर्ण माहौल में वार्ता हुई। उन्होंने बताया कि पूर्व में हुए इस विवादित विषय पर जिला जज ने न्याय संगत कार्यवाही कराने का आश्वासन बार को दिया है। इस आश्वासन के बाद में इस प्रकरण में बार द्वारा गठित संघर्ष समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के बाद नो वर्क के अपने पूर्व के निर्णय को वापस लेते हुए न्यायिक कार्य शुरू कर दिया है। बिजेन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि वार्ता के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि पीठासीन अधिकारी का स्थानांतरण होने तक तमाम अधिवक्ता परिवार न्यायालय नम्बर 2 का बहिष्कार जारी रखते हुए न्यायालय में कोई कार्य नहीं करेंगे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के साथ शोभायात्रा निकालकर किया गणेश विसर्जन



खतौली, १६ सितंबर (बु.)। रंग व गुलाल उड़ाते हुए धार्मिक जयघोष व ढोल नगाडो के साथ निकाली गयी भव्य यात्रा के पश्चात गंगनहर में गणपति जी का विसर्जन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आवासों पर स्थापित की गयी गणपति की प्रतिमाओं का बुधवार को गंगनहर में विसर्जन करने का सिलसिला शोभायात्रा के रूप में नगर की सड़कों पर बना रहा। इस दौरान भारतीय व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष रवि ग्रोवर के जानसठ रोड की अशोका मार्किट स्थित आवास से ढोल नगाडो के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ द्वारा रंग गुलाल उड़ाते हुए विसर्जन यात्रा प्रारम्भ हुई। यात्रा में भारी संख्या में शामिल स्त्री–पुरुष जहां धार्मिक नारों का उद्घोष कर रहे थे, वहीं ढोल नगाड़ों की थाप पर भक्ति रस में नृत्य करते चल रहे थे। इसके अतिरिक्त एक अन्य यात्रा मौहल्ला काशीराम स्थित रामपाल, वैभव जैन के आवास से ढोल नगाड़ों के साथ प्रारम्भ हुई, वहीं बड़ा बाजार स्थित सेठ दीपक कुमार हर्ष पालीवाल, सकटू वर्मा, नवनीत वर्मा के आवासों से भी यात्रा प्रारम्भ हुई। विसर्जन यात्राएं श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ गंगनहर घाट पर पहुंची, जहां पूजा अर्चना व आरती के उपरांत गणपति बप्पा मोरया आदि के गगनभेदी धार्मिक उद्घोष के साथ प्रतिमाओं का गंगनहर में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। गणपति विसर्जन कार्यक्रम को लेकर सीओ राकेश सिंह, कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ गंगनहर पर मुस्तैद बने रहे। वहीं नगर सहित ग्रामीण अंचल से भी श्रद्धालुओं के जमावड़े के साथ विसर्जन यात्राओं का सिलसिला नगर की सड़कों पर दिखाई दिया।

## फूड एंड मूड रेस्टोरेंट में मुर्गा खाने वाले 8 लोग और हुए बीमार

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। मीनाक्षी चौक के फूड एंड मूड रेस्टोरेंट में मुर्गा खाने से ग्राहकों के बीमार होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को आठ और नए मरीज सामने आए हैं। उन्हें शहर के अलावा मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीनाक्षी चौक के फूड एंड मूड रेस्टोरेंट में मुर्गा आदि खाने वाले लोगों की तबियत लगातार बिगड़ रही है। बुधवार को आठ लोग बीमार बताए गए थे। गुरुवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। चरथावल के कुल्हेड़ी के दो मरीजों को मेरठ के सहारा अस्पताल में ले जाया गया है, जबकि सैदपुरा के तीन मरीज अंसारी रोड पर डॉक्टर अली के यहां भर्ती हुए हैं। शहर के भी तीन अन्य लोग निजी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। फूड पॉइजनिंग के इस केस में खाद्य विभाग ने अगले दिन के भोजन के सैम्पल लिए हैं। दो मामलों में तहरीर आने के बाद भी अभी कार्रवाही को लेकर कोई फैसला नहीं लिया जा सका है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुढ़ाना का जिला समन्वयक द्वारा किया गया निरीक्षण

बुढ़ाना, 16 सितंबर (बु.)। विकास खंड बुढ़ाना में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुशील कुमार द्वारा किया गया। विद्यालय में कार्यरत 13 स्टाफ के सापेक्ष 11 स्टाफ उपस्थित पाया गया। दो अध्यापिकाएं आकस्मिक अवकाश पर थी। विद्यालय में 100 बालिकाओं के सापेक्ष 52 बालिकाएं उपस्थित पाई गई। विद्यालय में समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। बालिकाओं को दैनिक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया गया है। जल्दी स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। विद्यालय में साफ सफाई रखने के लिए वार्डन को निर्देशित किया गया। इसके साथ साथ विकास क्षेत्र बुढ़ाना के प्राथमिक विद्यालय नंबर 03 का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें नामांकित 844 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 468 बच्चे उपस्थित पाए गए। विद्यालय में कार्यरत स्टाफ उपस्थित पाया गया अध्यापकों द्वारा टीचर डायरी में प्रतिदिन की शैक्षिक गतिविधि लिखी जा रही हैं। बच्चों का शैक्षिक स्तर बढ़ाने के लिए अध्यापकों को राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए। शिक्षक संदर्शिका है। बच्चों की अभ्यास पुस्तिकाएं प्रिंट रिच सामग्री के उपयोग के लिए निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय बड़ौदा नंबर एक में कार्यरत 03 अध्यापक व दो शिक्षामित्र के सापेक्ष 02 अध्यापक एवं 02 शिक्षामित्र उपस्थित पाए गए। एक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थे। जिनके द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश स्वीकृत कराया गया था। कुल पंजीकृत 143 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 73 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। मिड डे मील निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालय में टॉइलीकरण का कार्य प्रगति पर है। प्राथमिक विद्यालय बड़ौदा नंबर 02 में कार्यरत 03 अध्यापक व शिक्षा मित्र उपस्थित पाए गए। कुल नामांकित 167 छात्रों के सापेक्ष 119 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। मिड डे मील निर्धारित में मेन्यू के अनुसार बनाया गया था। बच्चों को कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार बिठाने के लिए अध्यापकों को निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय कुरालसी नंबर में कुल पंजीकृत 222 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 133 छात्र छात्राएं उपस्थित पाए गए। विद्यालय में कुल 02 अध्यापक कार्यरत हैं, जो उपस्थित थे। इंचार्ज अध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों के सापेक्ष अध्यापकों की संख्या कम है। जिस कारण पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। विद्यालय में कुल 04 कमरे हैं। जिनमें बच्चों को बिठाने के लिए समस्या आ रही है। समस्त विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिगत कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करने तथा बच्चों को मास्क लगाकर विद्यालय में आने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्कूल प्रबंधक ने प्रधानाचार्य पर लगाया कृषि भूमि के धन में धांधली का आरोप

शामली, 16 सितम्बर (बु.)। महर्षि कश्यप इंटर कालेज नाला में प्रबंधक व प्रधानाचार्य आमने-सामने आ गए हैं। प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने प्रधानाचार्य विनेश त्यागी पर कॉलेज के लेखेजोखे में हेराफेरी के आरोप लगाये, जबकि प्रधानाचार्य परिषद ने प्रबंध समिति पर कॉलेज संचालन में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन दिया है। महर्षि कश्यप इंटर कॉलेज नाला के प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विधिक अस्तित्व में आने से पहले करीब 10-12 साल से लगातार विद्यालय में प्रबंध संचालन-एकल संचालन की स्थिति यानि विद्यालय में प्रबंध तंत्र की स्थिति शून्यता प्राप्त थी। इन वर्षों के दौरान विद्यालय स्वामित्व की कृषि भूमि लगभग 76 बीघा के आय-व्यय के विवरण की मांग वर्तमान प्रबंधतंत्र ने प्रधानाचार्य विनेश त्यागी से की। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि आय-व्यय के लेखे जोखे की मांग लिखित में किए जाने से बौखलाकर आमजन के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए 13 सितंबर से धरने की घोषणा का नाटक करके अगले ही दिन कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक शामली से एक पत्र विद्यालय में महान तपोनिष्ठ महर्षि कश्यप की मूर्ति को लगवाए जाने के आरोप का प्रबंधतंत्र के विरुद्ध प्रचार साजिश के तहत कृषि भूमि से विगत् वर्षों की आमदनी का ब्यौरा देने के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए किया। प्रबंधक ने आरोप लगाया कि विनेश त्यागी ने धोखाधड़ी करके शिक्षा विभाग और शासन-प्रशासन को अंधेरे में रखकर असल तथ्यों का गोपन करके महर्षि कश्यप इंटर कॉलेज नाला के प्रधानाचार्य पद का वेतन प्राप्त करने के साथ इन्होंने अपने आपको फेयरबुक कागजात में दयानंद वैदिक जूनियर हाईस्कूल शामली से सेवानिवृत्त दिखाकर लगातार पेंशन प्राप्त करके राजकीय कोष को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई है, जिसके रिकवरी आदेश भी विभाग तथा प्रशासन स्तर से किए जाने के अभिलेख साक्ष्य उपलब्ध हैं। प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय में मूर्ति लगवाने का प्रधानाचार्य का आरोप केवल अपने विरुद्ध कार्रवाई से ध्यान भटकाने का षड्यंत्र है। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष सुशील कुमार ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र देकर कतिपय प्रबन्ध समितियों द्वारा विद्यालय संचालन में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। इस अवसर पर जिला मंत्री हरविंदर सिंह भी मौजूद थे।

## शुक्रताल, खतौली व हरिद्वार में हुआ गणेश विसर्जन

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। गणेश चतुर्थी के बाद से लोगों ने घरों में गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की थी, जिसके बाद अब गणेश विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के पदाधिकारियों एवं गणेश भक्तों ने गणेश विसर्जन का कार्यक्रम किया। इस क्रम में सनातन धर्म सभा भवन में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। वहीं दूसरी ओर नुमाइश कैम्प स्थित रघुनाथ मंदिर में भी भक्तों ने शुक्रताल में गणेश विसर्जन किया। वहीं इस बार एक विशेष बात देखने को मिली कि अधिकांशतः भक्तों ने गणेश विसर्जन खतौली नहर पर किया। जिन लोगों ने घरों में भगवान गणेश की स्थापना की हुई थी, वे भी खतौली नहर पर ही बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमा विसर्जित करते दिखाई दिये। कुल मिलाकर नगरीय क्षेत्रों में स्थापित हुई गणेश प्रतिमाओं का आज जोर–शोर से विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ेंगे विराट कोहली

दुबई, 16 सितंबर (वार्ता) भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अगले महीने यूएई और ओमान में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। विराट ने ट्वीटर पर जारी एक बयान में यह घोषणा की है। विराट ने लिखा, '' मैंने टी-20 कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल में टीम को सब कुछ दिया है और भविष्य में मैं एक बल्लेबाज के तौर पर टी-20 टीम के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा।